**रोहतक**
सोमवार, 2 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 122
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 40.6
न्यून. 18.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग चैंपियन

## अंदर के पन्नों पर

- हांसी में बीए प्रथम वर्ष के छात्र की हत्या पेज-3
- मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता का विरोध पेज-7
- बांग्लादेश की पूर्व पीएम हसीना के गिरफ्तारी वारंट जारी पेज-8

## खबर संक्षेप

### रिंकू सिंह और प्रिया की शादी तय, सगाई जल्द

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। सपा विधायक और प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने इसकी पुष्टि की थी। सूत्रों के मुताबिक रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में और शादी 18 नवंबर को वाराणसी स्थित सात सितारा होटल ताज में होगी।

### हिमाचल: सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। भाषा

### कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 24 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** जून की पहली तारीख को आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है। अब 19 किलो वाले सिलेंडर का भाव 24 रुपये कम हो गया है। हालांकि, तेल कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर जून में 1723.50 रुपये में उपलब्ध होगा।

### सिंहस्थ कुंभ मेला अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू

**नासिक।** महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में सिंहस्थ कुंभ मेले की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा की गई। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड व पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा और 24 जुलाई 2028 तक चलेगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। भाषा

### केनरा बैंक में नहीं रखना होगा अब न्यूनतम बैलेंस

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक ने ग्राहकों को राहत देते हुए रविवार से न्यूनतम




बैलेंस न रखने पर जुर्माने के नियम को हटा दिया है। बैंक के इस कदम के बाद सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर किसी भी प्रकार का कोई चार्ज या जुर्माना नहीं लगेगा। एजेंसी

### आज आएगा जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट

**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम 2 जून को घोषित किया जाएगा। नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। एक बार जारी होने के बाद उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने परिणाम को चेक कर सकेंगे। रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवारों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करना होगा। रिजल्ट के साथ फाइनल आंसर-की भी जारी की जाएगी। एजेंसी

---

**नौतपा का अंतिम दिन**

इस बार नहीं पड़ी भीषण गर्मी, कई दिनों से बादलों के साथ गिर रही फुहारों से मौसम हुआ सुहावना

# जेठ में सावन जैसा मौसम, कई जिलों में बारिश और बूंदाबांदी

- *नारनौल में आंधी में पेड़ टूटकर सड़क पर गिरे, यातायात रहा बाधित*
- *हिसार और रोहतक समेत 9 जिलों में तूफान का अलर्ट जारी*
- *विभाग का दावा, इस हफ्ते परिवर्तनशील रहेगा मौसम*

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

इस बार प्रदेश में जेठ के महीने में सावन जैसा मौसम बना हुआ है। कई दिनों से बारिश, आंधी और बूंदाबांदी का मौसम बना हुआ है। इससे जहां भीषण गर्मी से राहत मिली है वहीं, आंधी के कारण पेड़ और बिजली के पोल गिरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। इस बार नौतपा के दिनों में भी भारी गर्मी पड़ने की बजाय मौसम ज्यादातर ठंडा ही रहा। गत 25 मई को शुरू हुए नौतपा की 2 जून को समाप्ति हो जाएगी। लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली हुई है। वहीं मौसम विभाग का दावा है कि इस सप्ताह भी मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। सप्ताह के मध्य अच्छी बरसात होने की संभावना है। रविवार को शाम के समय प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई और तेज आंधी चली। गुरुग्राम, फरीदाबाद, चरखी दादरी, भिवानी और झज्जर में बारिश हुई, वहीं नारनौल में आंधी की वजह से पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। झज्जर में सुबह के समय तेज आंधी शुरू हुई थी। इसके बाद यहां बूंदाबांदी हुई। भिवानी में दोपहर को अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हुई। चरखी दादरी में शाम 4 बजे बारिश आई। इसके अलावा नूंह में भी बारिश हुई।



### क्या कहता है मौसम विभाग

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी, रेवाड़ी, झज्जर, फरीदाबाद, पलवल, रोहतक, हिसार में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। दो जून को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे प्रदेश में 2-5 जून के दौरान फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ और हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियों की संभावना बन रही है।

*भारतीय मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार हरियाणा में मई महीने में औसतन 59.7 एमएम बारिश दर्ज की गई। भिवानी जिले को छोड़ दें तो मई महीने में प्रदेश के सभी जिलों में औसत से अधिक बारिश रही। हरियाणा में मई में औसतन 20.4 एमएम बारिश होती है।*

**पूर्वोत्तर राज्यों के सीएम से शाह ने की बात**

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रविवार को असम, अरुणाचल और सिक्किम के सीएम और मणिपुर के राज्यपाल से फोन पर बात की। राज्यों को केंद्र से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। असम में रविवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही। राज्य की 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और हरसंभव सहायता की पेशकश की।



## पूर्वोत्तर के राज्य बाढ़ और बारिश से बेहाल

### 2 दिन में 32 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर राज्यों में तेज बारिश और भूस्खलन के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। पूर्वोत्तर राज्यों में दो दिन में 32 लोगों की मौत हो गई। असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 और मेघालय में 3 लोगों की जान गई। असम के 15 से अधिक जिलों में 78 हजार अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। त्रिपुरा में 1300 परिवार को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। मणिपुर में भारी बारिश के कारण पिछले 48 घंटों में बाढ़-लैंडस्लाइड के कारण 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं। 883 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। उत्तरी सिक्किम में करीब 2000 पर्यटक फंसे हैं। श्रीनगर-लेह हाईवे पर रविवार को एवलॉन्च आया। पहाड़ों का मलबा सड़क पर जमा हो जाने की वजह से यह रास्ता बंद हो गया है। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने के काम में जुटी हुई हैं।

> असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 और मेघालय में 3 की जान गई
> **असम 78000, त्रिपुरा में 1300, मणिपुर में 3,802 लोग प्रभावित**

### जम्मू-कश्मीर में ओले गिरे

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। पिछले 24 घंटों में कुल 7 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### दिल्ली-एनसीआर में ऑरेंज अलर्ट

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार दोपहर मौसम बदला। यहां तेज आंधी चली। इसके कारण धूल की चादर पूरे दिल्ली-एनसीआर पर छा गई। इसके बाद कुछ देर बाद ही तेज आंधी शुरू हो गई। मौसम विभाग ने यहां आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

---

**परिवार को भाऊ गैंग पर शक**

## रोहतक के रिटौली गांव में गैंगवार, युवक की 8 गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव रिटौली में रविवार सुबह 3 युवकों ने एक युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। देर रात तक किसी को नामजद नहीं किया गया था। मृतक की पहचान रिटोली गांव के रहने वाले रामकिशन के बेटे अनिल कुमार (37) के रूप में हुई। वह गैंगस्टर अंकित का चाचा लगता था। अंकित का बाबा गैंग से ताल्लुक है। परिजनों को भाऊ गैंग पर हत्या का शक है। दोनों गैंग में कई साल से दुश्मनी चली आ रही है, जिसमें कई हत्याएं हो चुकी हैं। अंकित फिलहाल जेल में बंद है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार सुबह खेतों की तरफ गया था। वह रिटौली और बालंद के बीच में पहुंचा तो अचानक आए तीन युवकों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। करीब 15 राउंड फायरिंग की गई। अनिल को उसे 7 से 8 गोलियां लगी। ग्रामीणों ने अनिल के भाई को मौके पर बुलाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



**हत्या सहित 4 मुकदमों में आरोपित था अनिल कुमार**
गैंगस्टर अंकित का चाचा था, अंकित अभी जेल में

### आरोपितों को तलाश रही पुलिस

मौके से पुलिस ने खोल बरामद किए गए हैं। यहां करीब 14 से 15 गोलियां चलाई गई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही है। परिजनों ने किसी का नाम लेकर हत्या का आरोप नहीं लगाया है। उन्हें भाऊ गैंग पर ही शक है। उनका कहना है भाऊ अमेरिका में है और वह यह सब कुछ करवा रहा है। अंकित और भाऊ गैंग में यह रंजिश चल रही है।

### हर पहलू से कर रहे जांच

अभी तक हत्यारोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।
*- राकेश कुमार, एसएचओ शिवाजी कॉलोनी थाना।*

---




**अय्यर छाए, मुंबई को 5 विकेट से हराया**

## 11 साल बाद आईपीएल के फाइनल में पंजाब

### कल बेंगलुरु के साथ होगा मुकाबला

**अहमदाबाद।** कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद अर्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर 11 साल बाद आईपीएल के फाइनल में जगह बना ली है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन बनाए थे, जवाब में पंजाब ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले पंजाब ने 2014 के सीजन का खिताबी मुकाबला खेला था। अब 3 जून को पंजाब और बेंगलुरु के बीच फाइनल खेला जाएगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को कप्तान श्रेयस ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 41 बॉल पर नाबाद 87 रन की पारी खेली। *(खेल पेज भी देखें)*

---

**थाईलैंड ओपन में भारत ने मुक्केबाजी में 8 पदक जीते**

**दीपक ने भी 75 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक कब्जाया**

## भिवानी के नमन ने जीता गोल्ड चीन के बॉक्सर को 4-1 हराया

**बैंकॉक (भाषा)।** हरियाणा में भिवानी के बॉक्सर नमन तंवर और दीपक ने थाईलैंड ओपन में स्वर्ण पदक जीते। इसके साथ इस प्रतियोगिता में भारत 8 पदक जीत चुका है। वहीं दीपक ने 75 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुरखिमोव जावोखिर को 5-0 से हराया। नमन ने चीन के हान शुझेन को 90 किलोवर्ग के फाइनल में 4-1 से मात दी। महिलाओं के 80 प्लस किलो वर्ग में किरण ने रजत पदकी जीता। तमन्ना (51 किलो), प्रिया (57 किलो), संजू (60 किलो), सनेह (70 किलो) और एल राल्टे (80 किलो) को कांस्य पदक मिले। भारत ने टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल भेजा था।

### हालुवास के निवासी है तंवर

नमन साल 2018 कामनवेल्थ गेम्स में इंडिया को पहला बॉक्सिंग पदक दिलाने वाले बॉक्सर हैं। मूलरूप से भिवानी के हालुवास और वर्तमान में डीसी कॉलोनी भिवानी निवासी नमन ने साल 2012 में खेल की शुरुआत की थी, जब उनकी उम्र करीब 14 साल थी। नमन द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन हवासिंह श्योराण एकेडमी में प्रैक्टिस करते हैं।



---

**नफरती भाषण मामला**

## अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म, सीट रिक्त

भाषा ▶▶ लखनऊ

नफरत भरा भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। मऊ सदर सीट से सुभासपा के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण के मामले में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी।



**सुभासपा नेता को 2 साल कैद मऊ सदर सीट रिक्त घोषित**

---

**टूटा रिकॉर्ड, पिछले साल से 16 फीसदी का इजाफा**

## मई के महीने में 2.01 लाख करोड़ वसूला गया जीएसटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई महीने में सालाना आधार पर 16.4% बढ़कर 2.01 लाख करोड़ हो गया। इससे पहले अप्रैल में 2.37 लाख करोड़ रुपये जीएसटी वसूल किया गया था। यह लगातार दूसरे महीने जीएसटी संग्रह में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए था। यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। मार्च 2025 में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपए रहा था। जीएसटी संग्रह में राज्यों के बीच काफी अंतर देखा गया है।

---

**देश में कोरोना दो नई वैक्सीन मंजूर**

## सक्रिय मरीज अब 3758 केरल में आंकड़ा 1400 पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना का खतरा अब पूरे देश में फैलता जा रहा है। एक जून तक देश के 27 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 363 नए मामले सामने आए हैं। 383 मरीज ठीक हुए हैं और दो की मौत हुई है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट मध्यम संक्रामकता वाला है। चिंता करने की कोई बात नहीं है। केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1400 पहुंच गया। वहीं यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने दो नई अपडेटेड वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। इनमें एफडीए ने मॉडर्ना (एमआरएनए) की नई कोविड-19 वैक्सीन एम.नेक्सस्पाइक और एफडीए ने नोवावैक्स के एक नए टीके को मंजूरी दी है।



---

## ब्याज दर में इस बार भी 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

**खास बातें**

- 4 जून को द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी
- छह जून को घोषित होगी आरबीआई की मौद्रिक नीति
- अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा

भाषा ▶▶ मुंबई

मुद्रास्फीति के 4% के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) 4 जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई।

### टिप्पणी महत्वपूर्ण

बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के विभिन्न उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी। वृद्धि और मुद्रास्फीति, दोनों पर टिप्पणी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि दोनों मापदंडों के लिए उनके पूर्वानुमानों में संशोधन की उम्मीद है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि आरबीआई इस बारे में विस्तृत विश्लेषण करेगा कि वैश्विक माहौल भारतीय अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित करेगा, यह देखते हुए कि अमेरिका द्वारा दी गई शुल्क राहत जुलाई में समाप्त हो जाएगी।

---

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला** आरोपित हॉस्टल वार्डन को अदालत ने बरी किया

*वार्डन के खिलाफ छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था*

## डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं, कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना होगी

*शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज कर दिया*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपित हॉस्टल वार्डन को बरी कर दिया है। आरोपित, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी(वार्डन) था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था, जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुःखद घटना घट सकती है। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था।

### यह कहा शीर्ष कोर्ट ने

पीठ ने कहा, 'पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं। जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली।' उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।



### यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी

व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

## खबर संक्षेप

### भिवानी को जलभराव से दिला रहे मुक्ति : श्रुति

**चंडीगढ़।** भिवानी जिले में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के निर्देशानुसार विभिन्न गांवों में बहुपरियोजनात्मक कार्य शुरू किए गए हैं। गांव बापोड़ा और डिनोद में जलभराव से राहत दिलाने के लिए विशेष डिवाटरिंग योजनाएं बनाई गई हैं, जिनके तहत गांव की आबादी क्षेत्र में भरने वाले पानी को पास की ड्रेनों में डाला जाएगा। इससे न केवल जलभराव की समस्या समाप्त होगी बल्कि जो किसान इन ड्रेनों के सहारे खेती करते हैं उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी उपलब्ध होगा।

### पुलिस क्यों नहीं तोड़ पा रही नशा तस्करों का नेटवर्कः कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में नशा तस्करों का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है. समूचे राज्य में नशा तस्कर हेरोइन, गांजा, अफीम व अन्य प्रकार के जानलेवा नशा की सप्लाई करने में जुटे हैं। नशा तस्करों के बढ़ते और फैलते नेटवर्क के चलते ऐसा जान पड़ता है जैसे हरियाणा उनका पसंदीदा राज्य बन गया हो। सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ने और करोड़ो रुपये के नशीले पदार्थ बरामद करने का दावा कर रही है बावजूद इसके तस्करों का नेटवर्क प्रदेश में तेजी से फैल रहा है। प्रदेश में नशे की गूंज हर चौक चौराहे, विधानसभा सदन तक सुनाई देती है।

'गुरुग्राम रन' में बोले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

# एक राष्ट्र, एक चुनाव राष्ट्रहित का विचार, गुरुग्राम से निकली प्रेरणा देश में बनेगी परिवर्तन का संकल्प

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (वन नेशन वन इलेक्शन) सिर्फ एक राजनीतिक विचार नहीं है, यह राष्ट्रहित का विचार है। यह समय, संसाधन और जन-भागीदारी को और अधिक सशक्त करने वाला विचार है। यह वह विचार है जिसके अनुसार जब एक राष्ट्र एक साथ चलता है, तब वह हर बाधा को पार कर सकता है। जब देश एक साथ सोचता है, तब वह हर संकट का समाधान निकाल सकता है। गुरुग्राम से निकली प्रेरणा देश में परिवर्तन का संकल्प बन सकती है।

मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' थीम पर आयोजित 'गुरुग्राम रन' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने 'गुरुग्राम रन' को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि 'वन नेशन-वन इलेक्शन' सिर्फ एक नारा नहीं है बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस समग्र सोच का प्रतीक है, जो एकता में शक्ति को मानती है। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' प्रधानमंत्री के उसी सपने की कड़ी है, जिसे हमने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के रूप में देखा है। यह विचार देश के हर नागरिक को एक समान अवसर देता है, एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में चुनाव एक समय पर कराने से चुनावों पर आने वाला खर्च कई गुणा कम हो सकता है। प्रशासनिक मशीनरी का बेहतर उपयोग हो सकता है। साथ ही विकास की रफ्तार बिना रुके आगे बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़, विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए एक संदेश है कि राष्ट्र निर्माण सिर्फ बैठकों और नीतियों से नहीं होता, उसमें युवा शक्ति का संकल्प भी निहित है। मुख्यमंत्री ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल देश में सामाजिक जागरूकता और जनसहभागिता का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2015 में हरियाणा की पावन धरती से इस अभियान का शुभारंभ किया गया था।



### मुख्यमंत्री ने काफिला रुकवाकर युवाओं संग खेला क्रिकेट



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने गुरुग्राम दौरे के दौरान अनोखी मिसाल पेश करते हुए काफिले को बीच रास्ते रुकवाकर स्थानीय युवाओं के साथ क्रिकेट खेला। यह दृश्य उस समय सामने आया जब मुख्यमंत्री स्थानीय लेजर वैली पार्किंग में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव थीम पर आधारित कार्यक्रम में शिरकत करने उपरान्त पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस की ओर जा रहे थे और राजीव चौक पर एक खुले मैदान में क्रिकेट खेलते युवाओं को देखकर उत्सुकता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने युवाओं के आग्रह को हर्षपूर्वक स्वीकार करते हुए बल्ला थामा और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने कुछ देर तक उनके साथ क्रिकेट खेला। यह क्षण जननेता की जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और जुड़ाव का सजीव प्रमाण बना। स्थानीय युवाओं ने मुख्यमंत्री की इस सहजता और उदारता की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षण उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बन गया। मुख्यमंत्री का यह व्यवहार जनसेवा और लोकसंवाद की संस्कृति को सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान युवाओं के आग्रह पर उनके साथ सेल्फी भी कराई।

#### बदलाव की लहर

सैनी ने कहा कि जब युवा शक्ति आगे आती है तो निश्चित रूप से बदलाव की लहर उठती है। 'गुरुग्राम रन' में भाग ले रही युवा शक्ति इस बात का प्रतीक है कि भारत का भविष्य जाग चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा यह दौड़ सिर्फ शरीर की फिटनेस की नहीं, लोकतंत्र की फिटनेस का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को सफल बनाना है, तो नवाचार की, संवाद की और संवेदनशीलता की जरूरत है। उन्होंने युवा शक्ति से आह्वान किया कि वे कॉलेजों में, गांव की चौपालों में, सोशल मीडिया पर चर्चा करें।

#### युवाओं का समर्थन जरूरी


खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की मुहिम में युवाओं की भागीदारी और समर्थन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों के चुनाव बार-बार कराए जाने से न केवल आर्थिक संसाधनों पर दबाव पड़ता है, बल्कि इससे विकास की निरंतरता भी बाधित होती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान के प्रति जागरूकता फैलाएं और इसकी आवश्यकता को समझें, क्योंकि यही भविष्य के सशक्त और सुचारू भारत की नींव रखेगा।

# एचटेट : रजिस्ट्रेशन की विंडो खुली, अभ्यर्थी पांच दिन और भर सकते हैं फॉर्म

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी) एचटेट सत्र के लिए फिर से रजिस्ट्रेशन की विंडो खुल रही है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले फॉर्म नहीं भरा था वो 5 दिन अब फॉर्म भर सकते हैं। एचटेट 2025 हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 दिसंबर की परीक्षा के लिए फिर से आवेदन की विंडो खुलने जा रही है। एक जून से अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिसकी आखिरी तारीख 5 जून है। यानी 5 दिनों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म री-ओपन होंगी। आवेदन करने के बाद उम्मीदवार 6 जून से 7 जून तक फॉर्म में संशोधन कर सकेंगे। हरियाणा एचटीईटी एग्जाम डेट लेवल 1, लेवल 2 और लेवल 3 तीनों की पहले से घोषित है।

#### 26-27 जुलाई को परीक्षा



एचटीईटी परीक्षा पात्रता परीक्षा 2024 के लिए 4 नवंबर से 14 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए थे। परीक्षा शेड्यूल के मुताबिक 7 से 8 दिसंबर तक यह एग्जाम लिया जाना था। लेकिन बाद में इसे स्थगित कर दिया। फरवरी में फिर से एचटीईटी परीक्षा कैंसिल हो गई है। अब नए शेड्यूल के मुताबिक हरियाणा एचटीईटी की परीक्षा 26 और 27 जुलाई को आयोजित होगी। जिसके लिए नए आवेदकों समेत सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी होंगे।

## हरियाणा में अब कानून नहीं, गैंगस्टरों का राज चल रहा : अनुराग ढांडा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। इसी को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने बयान जारी कर हरियाणा की बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा कि राज्य में हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि अब लोग दिन में घर से निकलने से डरते हैं, और रात में चैन की नींद नहीं सो पाते। गैंगस्टरों का आतंक, खुलेआम हत्याएं, फिरौती की धमकियां और संगठित अपराधियों की दहशत है। हरियाणा की सड़कों पर अब संविधान नहीं, अपराधियों की हुकूमत चल रही है। और हैरानी की बात यह है कि भाजपा सरकार या तो इस अराजकता को अनदेखी कर रही है या उसे मौन आश्रय दे रही है। उन्होंने कहा कि साल 2025 की पहली तिमाही में हरियाणा में 4,137 लोग लापता हुए, यानी हर दिन औसतन 45 से अधिक नागरिक गायब हो रहे हैं।

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर की तैयारी

## भाजपा महीने भर समाज सेवा के दर्जन भर कार्यक्रम चलाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा में एक महीने तक चलने वाली गतिविधियों की श्रृंखला को गुरुग्राम में अंतिम रूप दिया गया। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, कार्यक्रमों के संयोजकों के साथ बैठक की और पूरे महीने चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने केंद्र से आए कार्यक्रमों को सिलसिलेवार बैठक में रखा। बैठक में बताया गया कि भाजपा महीने भर समाज सेवा के दर्जन भर कार्यक्रम चलाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने 4 और 5 जून को लोकसभा स्तर पर होने वाली कार्यशालाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्तर पर 4 जून को फरीदाबाद के भाजपा कार्यालय में कार्यशाला होगी। कार्यशाला का संयोजक पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता को नियुक्त किया गया है। इस कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा मुख्य वक्ता होंगे।





#### कार्यशाला के संयोजक बनाए

करनाल भाजपा कार्यालय में होने वाली कार्यशाला के संयोजक वेदपाल एडवोकेट को नियुक्त किया है। इस कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मंत्री अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर और प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता मुख्य वक्ता हैं। बड़ौली ने कहा कि हिसार में होने वाली कार्यशाला के लिए सुनीता दांगी को संयोजक नियुक्त किया है। इस कार्यशाला में कृष्ण लाल पंवार, किरण चौधरी, जेपी दलाल और सुरेंद्र पूनिया वक्ता होंगे। वहीं सिरसा लोकसभा के फतेहाबाद में होने वाली कार्यशाला के लिए सुरेंद्र आर्य को संयोजक नियुक्त किया गया है। मंत्री श्रुति चौधरी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, रेखा शर्मा और कृष्ण बेदी वक्ता होंगे। उन्होंने कहा कि सोनीपत भाजपा कार्यालय में होने वाली कार्यशाला का सतीश नांदल को संयोजक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में, राजेश नागर, कार्तिकेय शर्मा, बिशम्बर बाल्मिकी और वह स्वयं मुख्य वक्ता होंगे।

आईपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया स्कूलों का निरीक्षण

## एक ही कमरे में चल रही दो क्लास, गांवों के सरकारी स्कूलों की हालत ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन (आइपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ एडवोकेट अशोक अग्रवाल व हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने सरकारी शिक्षा बचाओ अभियान के तहत शनिवार को खेड़ीकलां, सेक्टर-9 के प्राइमरी स्कूल व इंदिरा कॉलोनी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जाकर स्कूल की बिल्डिंग व कमरों की स्थिति व अन्य सुविधाओं की कमी की जानकारी ली। जांच के बाद पता चला कि खेड़ीकलां के दो प्राइमरी स्कूल गर्ल्स व बाल में कमरों की काफी कमी है। खेड़ीकलां के मौजिज समाजसेवी सतपाल नरवत ने अशोक अग्रवाल को जानकारी दी कि गांव में दो गर्ल्स व बाल प्राइमरी स्कूल हैं। जिनके कमरे 30 साल पहले बने हुए हैं जो इस समय जर्जर हालात में हैं। ज्यादा कंडम होने के कारण कई कमरों को चार साल पहले तोड़ दिया गया है, लेकिन उनकी जगह नए कमरों का निर्माण नहीं कराया गया है। कमरों की काफी कमी है जिसकी वजह से एक कमरे में दो-दो क्लास को पढ़ाया जा रहा है या बरामदे में क्लास लगाई जा रही है।


#### विभाग को लिखा पत्र

स्कूल हैड ने बताया कि कमरों की कमी दूर करने के लिए कई बार शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया है लेकिन कोई भी उचित कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। अशोक अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि वह इस समस्या का समाधान पहले सरकार के माध्यम से पूरा कराएंगे, जरूरी हुआ तो हाई कोर्ट से कराएंगे।

## आईओसी ने पानीपत में देश की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना को अंतिम रूप दिया

भाषा ▸▸ नयी दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने हरियाणा में अपनी पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोरसायन परिसर में 10,000 टन प्रति वर्ष हरित हाइड्रोजन उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए हाइड्रोजन की पूरे जीवनकाल में हाइड्रोजन उत्पादन की औसत लागत (एलसीओएच) को अंतिम रूप दे दिया है। इससे भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी ने बयान में कहा, "इसके साथ ही भारत की अब तक की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना के साथ हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में आईओसी ने प्रवेश किया है। हालांकि, आईओसी ने लागत और अन्य वित्तीय विवरण नहीं दिए। कंपनी ने कहा, दिसंबर, 2027 तक चालू होने के लिए निर्धारित, यह रिफाइनरी परिचालन में जीवाश्म-आधारित हाइड्रोजन की जगह लेगी, जिससे परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में पर्याप्त कमी आएगी। हाइड्रोजन एक ऐसा ईंधन है जिसका उपयोग तेल रिफाइनरियों से लेकर इस्पात संयंत्र तक के उद्योग में व्यापक रूप से किया जाता है और यह कार, ट्रक, ट्रेन, जहाज और यहां तक कि औद्योगिक प्रक्रियाओं को भी शक्ति प्रदान कर सकता है। इसे विभिन्न स्त्रोतों से उत्पादित किया जा सकता है। हरित हाइड्रोजन एक हाइड्रोजन गैस है जो सौर, पवन या पन-बिजली जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करके पानी को विभाजित करके बनाई जाती है। जलने पर, यह केवल पानी ही बनाती है। आईओसी ने कहा कि पानीपत परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लिए सरकार के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है और कंपनी के कार्बन उत्सर्जन शून्य करने के खाके के तहत एक रणनीतिक पहल है।



#### बिजली, उद्योग और परिवहन में कारगार साबित होगी

पानीपत रिफाइनरी में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट की क्षमता 10 हजार टन प्रति वर्ष की होगी। यह बिजली, उद्योग और परिवहन में कारगार साबित होगी। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इस परियोजना के लिए लेवलाइज़्ड कॉस्ट ऑफ हाइड्रोजन को अंतिम रूप दे दिया गया है। ग्रीन हाइड्रोजन को पारंपरिक हाइड्रोजन की तुलना में कहीं अधिक पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है। क्योंकि इसे जल और नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए उत्पन्न किया जाता है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन शून्य के करीब होता है।

स्वास्थ्य विभाग का हेल्पलाइन नंबर जारी होने के बाद सामने आ रहे मामले


# डॉक्टरों व स्टाफ पर अभद्रता के आरोप, शिकायतों की कमी नहीं

- डाक्टरों ने कहा नियमों के हिसाब से स्टाफ बढ़ाएं, काम का बोझ ज्यादा
- जल्द ही डाक्टर एसोसिएशन की ओर से चुनौतियों को लेकर रखेंगी बात

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

सामान्य अस्पतालों में जहां मरीजों की बढ़ती संख्या और काम के बोझ को लेकर डाक्टर परेशान हैं। वहीं, दूसरी तरफ अस्पतालों में ग्रुप डी व गार्ड्स द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायतें लगातार की जा रही हैं। इतना ही नहीं पंचकूला सेहत मुख्यालय परिसर स्थित जिला अस्पताल से लेकर विभिन्न जिलों में भी इस तरह की शिकायतें मिल रही हैं। पिछले दिनों पंचकूला में तो नर्सिंग स्टाफ ने मोर्चा खोल दिया व कई दिनों तक प्रदर्शन किया था, बाद में पीएमओ पंचकूला द्वारा वार्ता के बाद मामले में सुलह कराई गई। इतना ही नहीं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर दुर्व्यवहार संबंधी शिकायतें भी बड़ी संख्या में आने लगी हैं। एसोसिएशन पदाधिकारी पूरे मामले में डाक्टरों पर बढ़ते काम के बोझ को इसका कारण मान रहे हैं। यहां पर बता दें कि हेल्पलाइन नंबर 104 मरीजों के लिए सेहत सुविधाओं में सुधार और फीडबैक के लिए है। अब हेल्पलाइन नंबर की मदद से मरीजों को स्टाफ के व्यवहार, दवा, बेड और अन्य तरह की समस्या के बारे में जानकर उसका निवारण किया जाता है। इसके अलावा इस नंबर से ही डाक्टरों से समय लेने जैसी सुविधा मिल रही है। अब इस नंबर पर कुछ डाक्टरों की ओर से किए जा रहे दुर्व्यवहार की शिकायतें भी आने लगी हैं। इस तरह की शिकायतें भी सीधी दर्ज हो रही हैं, इन शिकायतों पर डॉक्टरों को हिदायत जारी कर मुख्यालय को सिविल सर्जन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। यहां पर यह भी बता दें कि सूबे की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने गत 21 मार्च को हेल्पलाइन नंबर 104 की शुरुआत की थी। इसका मकसद मरीजों की स्वास्थ्य संबंधित शिकायतों को दर्ज कर उनकी समस्या को हल कराना था। घर बैठे मरीज डॉक्टरों की अप्वाइंटमेंट लेने संबंधी शिकायतें सुनकर हल की जाती हैं। मरीज घर से जान सकता है कि सरकारी अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को लेकर ओपीडी कब-कब लगती है।

#### दो माह में 20067 कॉल आई



आंकड़ों पर गौर करें, तो हेल्पलाइन नंबर पर दो माह में 20067 कॉल आई, जिसमें 6640 कॉल सिर्फ डॉक्टरों के अप्वाइंटमेंट की थी। मरीजों ने नंबर डायल कर डॉक्टर से सीधा समय ले लिया। बताया गया है कि अप्वाइंटमेंट की सुविधा अभी 54 अस्पताल में उपलब्ध है। वहीं, अब तक 5410 कॉलरों को फोन कर उनसे फीडबैक लिया है, जिनमें से 5032 कॉलरों ने संतुष्टि जताई है।

### मरीज बता रहे दर्द अच्छा रिस्पांस

स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने पूछे जाने पर कहा कि हेल्पलाइन नंबर का अच्छा रिस्पांस परिणाम आ रहा है, विभाग की ओर से कोशिश की जा रही है कि हेल्पलाइन पर जो मरीज अपना दुख और दर्द बताते हैं, उसका निवारण कर व संतुष्टि की जाए। हेल्पलाइन व्यवस्था के नोडल अधिकारी की देखरेख में कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है, जिसमें 15 कॉलर हैं, जो कॉल को अटेंड करते हैं। बताया गया है कि वरिष्ठ नागरिक ने 104 नंबर पर शिकायत दर्ज कराई कि डॉक्टर ने उसके साथ अभद्रता की और सुनवाई नहीं की। शिकायत मिलते ही संबंधित डॉक्टर से जवाब मांग लिया।

#### डॉक्टरों की संख्या बढ़े

हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया का कहना है कि डाक्टरों को रोजाना नियमों के हिसाब से 60 से 70 मरीज देखने चाहिएं। जबकि कई अस्पतालों में डाक्टर 2 सौ से लेकर ढाई सौ तक मरीजों को देख रहे हैं। जिसके कारण मरीजों की संतुष्टि नहीं होती यही कारण है कि एक से दो मिनट में मरीजों को भेज दिया था। एसोसिएशन नियमों के हिसाब से सरकार से मांग करती है, कि डाक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए।

#### सुरक्षा गार्ड और ग्रुप डी के कर्मियों से उपचार

बड़ी संख्या में सुरक्षा गार्ड्स द्वारा अभद्र व्यवहार करने और ग्रुप डी कर्मियों से उपचार कराए जाने संबंधी शिकायतें भी हो रही हैं। पंचकूला में नर्सिंग स्टाफ की ओर से सीएमओ के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया गया था। पैरामेडिकल स्टाफ व नर्सिंग स्टाफ ने महिलाओं की डिलीवरी के वक्त डाक्टरों के उपलब्ध नहीं होने के आरोप भी लगाए थे। बाद में उक्त पूरे मामले में पीएमओ डॉ. आरके चौहान ने बातचीत की और मामले में सुलह करा दी, जिसके बाद से आंदोलनरत नर्सिंग स्टाफ शांत हो गया।

इसी तरह से बीते सप्ताह एक गार्ड द्वारा मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के बाद में धक्का मुक्की औऱ मारपीट हो गई थी। बाद में इमरजेंसी इंचार्ज के पास शिकायत लेकर पहुंचे, तो उन्होंने भी गार्ड का पक्ष लिया मामला सेक्टर सात के थाने तक गया। बाद में उक्त मामले में भी सुलह हुई और बीच में कूदे कुछ डाक्टरों ने आपसी विवाद बताते हुए सुलह कराई।

प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी ने हेल्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति को लिखा पत्र

## झूठी शिकायतों से तंग हैं, पीजीआई में सेवा नहीं दे सकते

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी के पत्र ने हलचल बढ़ा दी है। यह पत्र सिक्योरिटी एजेंसी द्वारा हेल्थ यूनिवर्सिटी के वीसी को लिखा गया है। पत्र में लिखा है कि हम झूठी शिकायतों से परेशान हैं, इसलिए सेवाएं नहीं दे सकते। पत्र में कर्मचारियों का डाटा सरेंडर करने और एजेंसी का जो भी बकाया है, वह भी मांगा गया है। इस पत्र के बाद कर्मचारियों और यूनिवर्सिटी में हलचल बढ़ गई है। दूसरी ओर एजेंसी ने संस्थान को एक और पत्र लिखा है। इस पत्र में हड़ताल को लेकर लिखा गया है कि एजेंसी द्वारा हटाए गए कुछ लोग पीजीआई का माहौल बिगाड़ रहे हैं।

पत्र में लिखा गया है कि ऐसे बाहरी लोग संस्थान और मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा है, इसलिए उन पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल इस सिक्योरिटी एजेंसी के खिलाफ वेतन में अनियमितताओं संबंधी शिकायत दी गई है, जिसकी जांच चल रही है। एजेंसी ने सभी शिकायतों को झूठा बताया है। मामले की जांच चल रही है और कर्मचारियों ने आज हड़ताल की चेतावनी दे रखी है। वहीं अन्य कर्मचारी सुनीता, पूनम, अजय, कविता, गौरव, राजा और अनिल ने आरोप लगाया है कि एजेंसी द्वारा हटाए गए कर्मचारी हड़ताल करने का दबाव बना रहे हैं। इसके बारे में सोमवार को संस्थान के अधिकारियों को भी लिखकर दिया जाएगा।

भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरमीत सिंह (कर्जदार), सर्बजीत कौर (सह-कर्जदार), सवरण कौर (सह-कर्जदार), LHAMB00001254223. | मकान नं. 1, सत्संग विहार, हदबस्त नं. 103, गांव करधान करधान रोड, अम्बाला कैंट, अम्बाला-133004. सीमाएं : उत्तर : मालिक की सम्पत्ति, दक्षिण : मालिक की सम्पत्ति, पूर्व : मालिक की सम्पत्ति, पश्चिम : गली। / कब्जे की तिथि : 30 मई 2025 | 09-05-2023 रु. 36,32,901/- | अम्बाला |
| 2. | हरमीत सिंह (कर्जदार), सर्बजीत कौर (सह-कर्जदार), सवरण कौर (सह-कर्जदार), NHAMB00001254224. | मकान नं. 1, सत्संग विहार, हदबस्त नं. 103, गांव करधान करधान रोड, अम्बाला कैंट, अम्बाला-133004. सीमाएं : उत्तर : मालिक की सम्पत्ति, दक्षिण : मालिक की सम्पत्ति, पूर्व : मालिक की सम्पत्ति, पश्चिम : गली। / कब्जे की तिथि : 30 मई 2025 | 09-05-2023 रु. 5,21,375/- | अम्बाला |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक :** 02 जून 2025
**स्थान :** अम्बाला

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# हांसी में झगड़े की रंजिश में बीए प्रथम वर्ष के छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या

## श्याम जागरण से बाइक पर लौट रहा था 20 साल का सुरेंद्र, आधा दर्जन ने घेरकर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

पीसीएसडी स्कूल प्रांगण में चल रहे श्याम महोत्सव के दौरान श्याम मंदिर रोड़ पर करीब आधा दर्जन बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक को घेरकर चाकूओं से गोद कर हत्या कर दी। हमलावरों द्वारा चाकूओं से हमला करने के बाद युवक ने मंदिर के अंदर भाग कर जान बचाने का प्रयास किया लेकिन बदमाशों ने उसका पीछा कर मंदिर के अंदर भी उस पर चाकुओं से हमला कर दिया और उसके बाद घायल युवक को मौके पर छोड़ वहां से फरार हो गए। खून से लथपथ युवकों को जागरण में श्याम भक्तों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हिसार रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा उसे हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो। मृतक की पहचान हांसी की दयाल सिंह कालोनी निवासी 20 वर्षीय सुरेंद्र के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

- तीन माह पहले हुआ था झगड़ा, तभी से चली आ रही थी रंजिश
- पोस्टमार्टम में युवक के शरीर पर छह जख्म मिले

### हत्या का केस दर्ज

पुलिस ने मृतक के चाचा सुरेश की शिकायत के आधार पर चार कुतुब गेट निवासी दीपांशु खटीक, राहुल बुंदेला व मोहित खटीक सहित 3-4 अन्य के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप हमलावरों की तलाश आरंभ कर दी। पुलिस को दिए बयान में सुरेश ने बताया कि उसका भतीजा सुरेन्द्र अपने दोस्त सैनीपुरा निवासी अशोक उर्फ आशु के साथ बाइक पर सवार होकर श्याम बाबा मंदिर में जागरण सुनने के लिए गए थे।

जब सुरेन्द्र एवं अशोक जागरण सुनकर घर वापस जाने के लिए श्याम मन्दिर के सामने खडी अपनी बाईक पर बैठा तो उसी समय पीछे से आए 6-7 लड़कों ने सुरेन्द्र पर छुरी व चाकुओं से हमला कर दिया और मौके से भाग गए। इसके बाद उसका दोस्त अशोक व अन्य राहगीर सुरेन्द्र को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। उपचार के दौरान चिकित्सकों को सुरेंद्र के शरीर पर छह स्थानों पर गहरे जख्म मिले हैं।



हांसी। वारदात के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

### जान बचाने के लिए मंदिर में भागा

मृतक के चाचा सुरेश ने बताया कि सुरेंद्र दो भाइयों में बड़ा था और वह राजकीय महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। उसके पिता दयाल सिंह कॉलोनी में किरयाना की दुकान चलाते हैं। शहर थाना प्रभारी सदानंद के अनुसार सुरेंद्र जागरण से निकलने के बाद अपनी बाइक लेने मंदिर के मुख्य द्वार की तरफ जा रहा था। तभी पीछे से 5-6 युवकों ने उस पर हमला कर दिया। सुरेंद्र जान बचाने के लिए मंदिर के अंदर भागा, लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा कर उस पर चाकू से कई वार किए जिसके बाद वह वहीं गिर गया और हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस मंदिर व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चैक कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुरेन्द्र के साथ तीन महीने पहले हुए एक झगड़े के कारण भी यह हमला हो सकता है। उन्होंने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कार को टक्कर मारी विरोध करने पर धमकी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में कादीपुर गांव में रेडलाइट सिग्नल पर एक कार को पीछे से दूसरी गाड़ी ने टक्कर मार दी। पुलिस को दी शिकायत में हीरानगर निवासी नितिन शर्मा ने बताया कि वह जिला अदालत में वकालत करता है। 30 मई की शाम करीब 5.20 बजे वह पर अपनी कार में होंडा चौक से सेक्टर-10 की ओर आ रहा था। जब वे कादीपुर गांव के रेडलाइट सिग्नल पर पहुंचे तो पीछे से आई एक गाड़ी ने उनकी कार को दांयी तरफ टक्कर मार दी और वह चालक गाली-गलौज करने लगा। जब नितिन शर्मा ने उक्त चालक को टोका तो तीन-चार बार टक्कर मारी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 65 के टीम ने अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार कर एक देसी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई को अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए सुमित कसाना निवासी कच्चा खेड़ी रोड इंदिरा कंपलेक्स भारत कॉलोनी फरीदाबाद को सेक्टर 79 क्षेत्र से एक देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है।

### होमगार्ड जवान को टक्कर मारने का आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** वाहन चेकिंग के दौरान सरकारी काम में बांधा पहुंचाने व होम गार्ड को गाड़ी के आगे लटकाकर ले जाने के मामले के आरोपी कुंदन को पुलिस ने गिरफ्तार कर टैम्पों को जब्त कर लिया है। होमगार्ड गौरव यातायात पुलिस फरीदाबाद ने पुलिस चौकी बस स्टैंड बल्लबगढ़ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 31 मई को ट्रैफिक पुलिस की टीम के साथ बल्लबगढ़ हाईवे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी सोहना टी पॉइंट के पास एक छोटा हाथी टेंपो गाड़ी का डाला पीछे से खुला हुआ था। जिसको रुकवाया और जब गाड़ी के कागज दिखाने को कहा तो चालक ने एकदम लापरवाही से गाड़ी को चलकर उसको टक्कर मारी,जिससे वह उछलकर गाड़ी के आगे लटक गया और गाड़ी चालक उसे लटके लटके 1 किलोमीटर से अधिक दूरी तक ले गया।

## नर्सिंग कॉलेज में बैंच पर बैठने को लेकर विवाद, छात्रों को चाकू घोंपा

**फतेहाबाद।** गांव अहरवां स्थित नर्सिंग कॉलेज में क्लास रूम में बैंच पर बैठने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल नर्सिंग छात्रों को उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में भिवानी जिले के गांव तिगराणा निवासी आशीष ने कहा है कि वह गांव अहरवां स्थित नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा है। वह अपने दोस्त अंकित निवासी बरवाला के साथ गांव अहरवां में ही किराये पर रहता है। उसकी क्लास में अभिषेक पुत्र गुलशन कुमार निवासी फतेहाबाद भी पढ़ता है। आशीष ने कहा कि अभिषेक आवारा किस्म का लडका है जोकि कॉलेज में गुण्डागर्दी करता है। गत दिवस अभिषेक ने उसके साथ क्लास रूम में बैंच पर बैठने को लेकर बहसबाजी की थी। उसके बाद कॉलेज की छुट्टी के बाद अभिषेक ने कॉलेज के बाहर उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया और उसे नीचे गिराकर हाथापाई करने लगा। इसके बाद वह मौके से चला गया। आशीष ने कहा कि दो दिन बाद जब वह अपने दोस्त अंकित के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर कॉलेज से गांव अहरवां जा रहे थे तो सरकारी स्कूल के पास खड़े तीन युवकों ने उनका मोटरसाइकिल रूकवा लिया। इसके बाद दो मोटरसाइकिलों पर 6-7 अन्य युवक पर आए गए। इन युवकों ने आशीष व अंकित के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और चाकू से हमला कर दिया। इनके शोर मचाने पर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो अभिषेक और उसके साथी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बाद में घायल आशीष व अंकित को उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने अभिषेक व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो ट्रकों में भिड़ंत, एक से सीएनजी लीक होने से हड़कंप मचा

**कुरुक्षेत्र।** थाना सदर के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव रामगढ के समीप रविवार की अलसुबह दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। एक ट्रक में सीएनजी गैस लोड थी। सीएनजी लोडिड ट्रक की टक्कर लगने के बाद सीएनजी गैस का रिसाव हो गया। देखते ही देखते सीएनजी गैस का रिसाव बढता गया। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे वाहन चालक सीएनजी गैस के रिसाव के चलते सहम गए। दूसरी ओर दोनों ट्रकों की आमने सामने की टक्कर में एक ट्रक चालक केबिन के बीच में ही फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही फायर कर्मी गुरप्रीत सिंह, सचिंद्र व सचिन मौके पर पहुंचे। फायर कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सीएनजी गैस के रिसाव को रोका। उसके बाद फायर कर्मियों ने केबिन में फंसे ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से घायल ट्रक चालक को उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भेजा गया।

- ट्रक के केबिन में फंसे चालक को निकाला सुरक्षित बाहर, उपचार के लिए भेजा एलएनजेपी अस्पताल

बता दें कि रविवार सुबह 2 बजकर 15 मिनट पर दो ट्रकों की गांव रामगढ के समीप आमने सामने की टक्कर हो गई। भिड़ंत में एक ट्रक चालक केबिन में फंस गया। दूसरे ट्रक में सीएनजी गैस लोडिड थी। दुर्घटना के बाद सीएनजी गैस लोडिड ट्रक में गैस का रिसाव हो गया। देखते ही देखते गैस का रिसाव तेज हो गया। जिसके बाद जीटी रोड से गुजर रहे वाहन चालक रिसाव के चलते सहम गए। हादसे की सूचना मिलने पर फायर कर्मी गुरप्रीत सिंह, सचिंद्र व सचिन मौके पर पहुंचे। सबसे पहले फायर कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर गैस के रिसाव को बंद किया।

## तीस किलो गांजा सप्लाई करने के आरोप में दो तस्कर गिरफ्तार, एक रिमांड पर

### एंटी नारकोटिक्स सेल का एक्शन

**हांसी।** एंटी नारकोटिक्स सेल हांसी पुलिस ने 25 किलो गांजा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पुट्ठी निवासी बिन्दु के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले पुट्ठी निवासी सुनहरी को 25 किलो गांजा सप्लाई किया था। पुलिस ने सुनहरी को गांजा के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ थाना बास में मामला दर्ज किया था। एएनसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पुछताछ की जाएगी

### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी ने पांच किलो गांजा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लुहारी राघो निवासी राकेश के रूप में हुई है। पु लिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले सिसाय कालीरामण निवासी आशा व उसके पति रामदिया को पांच किलो गांजा सप्लाई किया था। पुलिस ने आशा व उसके पति को गांजा के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ शहर थाना हांसी में एनडीपीएस एक्ट के मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भतीजा बनकर इमरजेंसी के नाम पर महिला से ठग लिए ढाई लाख रुपये

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाज ने भतीजा बनकर इमरजेंसी के नाम पर महिला से ढ़ाई लाख रुपए ठग लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में न्यू पालम विहार में रहने वाली प्रोमिला देवी जसवाल ने कहा कि बीती 14 मई की सुबह करीब दस बजे उसके फोन पर कई व्हाट्सअप कॉल आए। जिसमें कॉलर ने बताया कि वह उसका भतीजा बोल रहा है। उसने बताया कि वह काफी परेशानी में है और उसे ढ़ाई लाख रुपए की जरूरत है। उसने महिला के समक्ष अपनी परेशानी को लेकर काफी दबाव बनाया। जिस पर महिला ने उसके अकाउंट में ढ़ाई लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

## आढ़ती से दो करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोप में गैंगस्टर जोगेंद्र ग्योंग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

- पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर कोर्ट में पेश किया



शहर थाना सफीदों पुलिस ने लगभग पौन पांच साल पहले आढ़ती को व्हाट्सअप कॉल कर धमकी देकर दो करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोपित कुख्यात बदमाश जोगेंद्र ग्योंग को प्रोडक्शन वांरट लेकर पूछताछ की है। जिसके बाद आरोपित को अदालत में पेश किया गया। जहां आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुरानी अनाज मंडी सफीदों निवासी आढ़ती सतीश जैन ने सात अगस्त 2020 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि जुलाई 2020 में व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से दो कारोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। कॉल करने वाले ने जोगेंद्र ग्योंग गिरोह का गुर्गा बताया था। छह अगस्त को फिर से उसके व्हाट्सअप पर वीडियो आया। जिसमें दो करोड़ रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसमें पुलिस सुरक्षा में ही मारने की धमकी दी गई थी।

पुलिस ने आढ़ती सतीश की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ फिरौती मांगने, बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। उसी मामले में शहर थाना सफीदों पुलिस कुख्यात बदमाश जोगेंद्र ग्योंग को प्रोडक्शन वारंट लेकर पूछताछ की। जिसके बाद उसे अदालत में पेश किया।

जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शहर थाना सफीदों के जांच अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि फिरौती के मामले में आरोपित को प्रोडक्शन वांरट पर लेकर पूछताछ की थी। जिसके बाद आरोपित को अदालत मे पेश किया। जंहा से उसे जेल भेज दिया गया।

## वाहन ने पैदल जा रहे युवक को कुचला

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। दरअसल, झारखंड निवासी नैमन झा बीते शनिवार की रात करीब 1.45 बजे ढाबे पर काम करके पैदल ही नाथूपुर में किराए के कमरे पर जा रहा था। जब वह द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा तो पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। नैमन झा को गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी मौत हो गई थी।जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सोमवार को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के कार्यालय में जाकर देखी जाएगी। फुटेज में देखा जाएगा कि उसकी किसी वाहन ने नैमन झा को टक्कर मारी थी।

- पुलिस ने केस दर्ज किया

## इंवेस्टमेंट का झांसा देकर युवतियों ने पांच लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में दो युवतियों ने इंवेस्टमेंट में भारी मुनाफे का प्रलोभन देकर एक युवक से पांच लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में अशोक विहार फेज-3 में रहने वाले अमन वर्मा ने बताया कि 17 मई को सारिका और मुस्कान नाम की लड़कियों का उसके पास टेलीग्राम पर संपर्क हुआ। इसके बाद उसे विक्रम राठौर नामक के साथ ग्रुप में जोड़ा गया। सारिका और विक्रम टेलीग्राम पर टास्क देते थे। शुरुआत में अमन से कम रुपए का निवेश कराया गया। ग्रुप में अन्य सदस्य अच्छा रिटर्न मिलने का दावा कर रहे थे। जिस पर दोनों युवतियों ने अमन को भी इंवेस्टमेंट करने के लिए प्रेरित किया और उससे कुल पांच लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद जब अमन ने अपने रुपए निकालने की बात कही तो ऐप में उसकी राशि को फ्रीज कर दिया गया। अमन से उसकी फ्रीज की गई राशि को निकालने के लिए दस लाख रुपए की और डिमांड की गई। अमन को समझ में आ गया कि उसके साथ ठगी हो गई है।

## अवैध पिस्टल व कारतूस बेचने का आरोपी धरा

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने एक मामले में आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने वाले उसके साथी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहचान गुरुग्राम के खंडेवला गांव निवासी देवेंद्र उर्फ देवा के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। चार दिसंबर 2024 को फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने कालियावास रोड से झज्जर के बाढ़सा गांव निवासी दीपक को पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान दीपक ने पिस्टल उपलब्ध कराने वाले के बारे में पुलिस को बताया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए देवेंद्र उर्फ देवा को गिरफ्तार कर लिया है।




## वेबसाइट पर पैसे डबल करने का लालच देकर 57 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाजों ने वेबसाइट पर रुपए डबल करने का लालच देकर एक व्यक्ति से 57 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के बीकानेर निवासी कैलाश बिश्नोई ने कहा कि वह पालम विहार में रहता है। बीती 4 अप्रैल को उसके मोबाइल पर टेलीग्राम पर दक्ष राजन नाम से एक मैसेज आया। जिसमें उनकी वेबसाइट पर रुपए इंवेस्टमेंट करने पर डबल करने की बात कही गई। जिसके बाद कैलाश ने बीती 9 अप्रैल को उनके द्वारा भेजे गए अकांउट में अपनी पत्नी के अकाउंट से 57431 रुपए डलवा दिए। रुपए ट्रांसफर होने के बाद उन्होंने कैलाश को टेलीग्राम और वेबसाईट से ब्लॉक कर दिया। वहीं कैलाश ने फोन किया तो उसका फोन ही नहीं रिसीव किया। कैलाश को समझ आ गया कि उसके साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

## क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर धोखाधड़ी, 69 हजार की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड एक्टिव कराने के नाम पर एक युवक को 69,100 रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुडगांव के राजेंद्रा पार्क में रहने वाले ईश्वर सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले उसके पास आईसीआईसीआई बैंक के कॉल सेंटर से कॉल आई। जिसमें उसको आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड के बारे में फायदे बताए गए। उसे लाईफ टाइम फ्री क्रेडिट कार्ड ऑफर किया गया। क्रेडिट कार्ड मिलने के बाद ईश्वर सिंह ने उसे दस दिन तक चालू नहीं किया। जिसके बाद उसके पास कॉल आने लगी और क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने को कहा गया। जिसके बाद ईश्वर सिंह ने आईसीआईसीआई बैंक की ऐप से क्रेडिट कार्ड एक्टिव कर लिया। इसके एक्टिव होते ही उसकी मुंबई हेड ऑफिस से आईसीआईसीआई बैंक कर्मी ममता शर्मा नामक महिला से बात हुई। उन्होंने कार्ड एक्टिव करने संबंधी जानकारी देते हुए उसे एस-2 करने के लिए कहा। ऐसा करते ही उसका कार्ड एक्टिव हुआ और उसमें से 69,100 रुपए की ट्रांजेक्शन बांबे रिलायंस फ़ेरस के नाम पर हो गई।

pfrda




दिनांक: 02 जून, 2025

UPS Unified Pension Scheme — Assured Payout for Government Employees
NPS TRUST

**सार्वजनिक सूचना**

ऐसे अभिदाता, जो न्यूनतम 10 साल की अर्हता सेवा के साथ 31/03/2025 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हुए हों अथवा कानूनी रूप से विवाहित उनके पति/पत्नी, पहले से दावा किए गए एनपीएस लाभों के **अलावा**, एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत निम्नलिखित **अतिरिक्त लाभों** का दावा कर सकते हैं।

- **एकमुश्त भुगतान** (एक बार में) अंतिम आहरित मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते का दसवां हिस्सा, जो अर्हता सेवा के दौरान पूर्ण की गयी प्रत्येक छमाही के लिए होगा।
- **मासिक टॉप–अप राशि** की गणना निम्नलिखित आधार पर की जाएगी – स्वीकार्य यूपीएस भुगतान + **महंगाई राहत (डीआर)** – एनपीएस के तहत प्रतिनिधि वार्षिकी राशि।
- लागू पीपीएफ दरों पर **साधारण ब्याज के साथ बकाया राशि।**

**यूपीएस लाभों का दावा करें**

**भौतिक माध्यम से** – www.npscra.nsdl.co.in/ups.php लिंक से फॉर्म डाउनलोड करें और डीडीओ के पास फॉर्म जमा करें। (बी2 – अभिदाता के लिए और बी4/बी6 – कानूनी रूप से विवाहित उनके पति/पत्नी के लिए)
**ऑनलाइन माध्यम से** – ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए www.npscra.nsdl.co.in/ups.php लिंक पर जाएं।

**दावा करने की अंतिम तिथि: 30 जून 2025**

अधिक जानकारी के लिए, नीचे दिए गए लिंक पर वेबिनार में शामिल हो सकते हैं:
https://www.pfrda.org.in/index1.cshtml?lsid=546

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास बी–302, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 | यूपीएस हेल्प डेस्क (टोल–फ्री) नंबर: 18005712930 | फॉलो करें

## डेल्टा एयरलाइंस फिर शुरू करेगी भारत के लिए उड़ानें

# इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के बीच डील: भारत से यूरोप और अमेरिका की यात्रा होगी आसान

**भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका बीच हवाई यात्रा होगी सुविधाजनक**

**भारत: सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन बाजार**

*इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के बीच हुई अहम साझेदारी भारतीय यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। इस डील के बाद से अंतरराष्ट्रीय यात्रा और आसान, सुविधाजनक और तेज हो जाएगी। यह भारत के एविएशन सेक्टर के बढ़ते कद को भी दर्शाता है।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की बड़ी एयरलाइन कंपनियों में शुमार इंडिगो ने आज एक बड़ी घोषणा की है। इंडिगो ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस, यूरोप की एयर फ्रांस-केएलएम और ब्रिटेन की वर्जिन अटलांटिक के साथ एक नई साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका यानी अमेरिका और कनाडा के बीच हवाई यात्रा को और बेहतर और आसान बनाना है। यह एलान रविवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया गया, जिसमें चारों एयरलाइनों के सीईओ मौजूद थे। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स, डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन, एयर फ्रांस-केएलएम के सीईओ बेंजामिन स्मिथ और वर्जिन अटलांटिक के सीईओ शाई वीस ने इस नई ग्लोबल साझेदारी की जानकारी दी। इस मौके पर डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन ने बताया कि उनकी कंपनी भारत के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की तैयारी में है।



### एप से बुक कर पाएंगे अमेरिका की टिकट

*अब यात्री इंडिगो की वेबसाइट या ऐप से ही यूरोप और अमेरिका के लिए टिकट बुक कर सकेंगे। वहीं समान चेक-इन, बोर्डिंग और लगेज की सुविधा मिलेगी, भले ही सफर में दो या तीन एयरलाइनों की फ्लाइट हो। कनेक्टिंग टाइम कम होगा, यानी दूसरी फ्लाइट पकड़ने में आसानी होगी।*

### दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट!

डेल्टा की योजना है कि वह अमेरिका के अटलांटा शहर से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करे। हालांकि इसके लिए भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी। बता दें कि, डेल्टा एयरलाइंस ने पहले भी भारत के लिए उड़ानें चलाई थीं, लेकिन कुछ वर्षों से यह सेवाएं बंद थीं। इस डील की अहम वजह भारत का तेजी से बढ़ता हुआ विमानन बाजार। भारत अब दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते सिविल एविएशन मार्केट्स में शामिल हो गया है। देश में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है - चाहे वह देश के भीतर की यात्रा हो या विदेश की। इसी मांग को देखते हुए दुनिया की बड़ी एयरलाइंस भारत के साथ साझेदारी करना चाहती हैं।

### इंडिगो की बड़ी अंतरराष्ट्रीय योजना

इंडिगो अब सिर्फ घरेलू उड़ानों पर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी तेजी से विस्तार कर रही है। मौजूदा वित्त वर्ष (मार्च 2026 तक) में इंडिगो 10 नए विदेशी शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने वाली है। इंडिगो पहले से ही एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के साथ 2022 से साझेदारी में है, लेकिन अब इस साझेदारी में अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस भी शामिल हो गई है, जिससे इसकी ताकत और बढ़ गई है।

### साझेदारी से होंगे कई फायदे

*इस साझेदारी का मतलब है कि अब भारत से अमेरिका, कनाडा और यूरोप के कई शहरों के लिए सफर करना ज्यादा आसान और सुविधाजनक होगा। बता दें कि, अब यात्रियों को एक ही टिकट से भारत के किसी भी शहर से यूरोप या अमेरिका तक सफर करने की सुविधा मिल सकती है। वहीं चारों एयरलाइनों के नेटवर्क मिलाकर अब दर्जनों शहर एक-दूसरे से जुड़ेंगे। जबकि यात्रियों को ट्रांजिट के समय में आसानी होगी और लगेज ट्रांसफर भी आसान हो जाएगा। वहीं टिकट बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अनुभव को एक जैसा और बेहतर बनाने की कोशिश होगी।*

---

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग ने कहा- प्रति व्यक्ति आय में सुधार होना जरूरी

# भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी 'विकसित' और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है।

गर्ग ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### भारत की जीडीपी 3910 अरब डॉलर है

हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, "आईएमएफ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।



### जीडीपी जितनी बड़ी होगी संसाधन उतने ज्यादा होंगे

*एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, जीडीपी जितनी बड़ी होगी, विकास और राजकाज के लिए संसाधन उतने ही ज्यादा होंगे। 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी (विश्व बैंक इसे मापता है और सालाना आंकड़े प्रकाशित करता है) लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और भारत 150वें नंबर पर है।*

### जापान की जीडीपी 25 वर्षों में हुई कम

गर्ग ने कहा, आईएमएफ अगले छह साल के आंकड़ों का भी अनुमान लगाता है। अभी तक अनुमान 2030 (भारत 2030-31) तक के हैं। आईएमएफ ने 2025 में भारत की जीडीपी 4,197 अरब डॉलर (4.197 ट्रिलियन डॉलर) होने का अनुमान लगाया है, जबकि जापान की जीडीपी (वैसे जापान की जीडीपी पिछले 25 वर्षों में अमेरिकी डॉलर के हिसाब से काफी कम हुई है)।

- वर्ष 2024 में प्रति व्यक्ति जीडीपी 2450 डॉलर रही
- प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश 150वें स्थान पर
- आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार भारत अभी चौथी अर्थव्यवस्था नहीं

### भारत अभी भी जापान से आगे नहीं निकला

*वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।*

### अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक है

यह पूछे जाने पर कि भारत कबतक दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, उन्होंने कहा, "इस संदर्भ में आईएमएफ के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक हैं। इसके आधार पर देशों को उनके अमेरिकी डॉलर में जीडीपी की स्थिति के हिसाब से क्रम में रखा जाता है।"

### तीन बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका, चीन और जर्मनी

आईएमएफ के 2024 के विश्व आर्थिक परिदृश्य के आंकड़ों के अनुसार, तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, चीन और जर्मनी के जीडीपी का आकार क्रमश: करीब 29,180 अरब डॉलर, 18,750 अरब डॉलर तथा 4,660 अरब डॉलर था। वहीं अप्रैल, 2025 (2025-26) के आंकड़ों के अनुसार, इसके क्रमश: 30,510, 19,230 अरब डॉलर तथा 4,740 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

---

- सभी प्रकार के बचत खातों में कोई जुर्माना नहीं लगेगा

# केनरा बैंक ने न्यूनतम शेष पर जुर्माने को किया खत्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। इसमें बचत खाते, वेतन खाते, एनआरआई बचत खाते आदि शामिल हैं। बैंक ने बयान में कहा कि यह आदेश एक जून, 2025 से प्रभावी हो गया है। केनरा बैंक के किसी भी बचत खाता ग्राहक को अपने खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए न रखने के लिए दंड या शुल्क का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले, बैंक के ग्राहकों को अपने खाते के प्रकार के आधार पर न्यूनतम औसत मासिक शेष राशि बनाए रखना पड़ता था। इन मानदंडों को पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाता था। इस नई नीति के साथ, केनरा बैंक के सभी बचत खाताधारक अब सभी खातों के लिए किसी भी एएमबी-संबंधित दंड या शुल्क से मुक्त 'न्यूनतम शेष राशि पर कोई जुर्माना नहीं' का आनंद लेंगे।

*लाखों ग्राहकों को लाभ होगा : इस कदम से वेतनभोगी व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और पहली बार बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने वालों सहित केनरा बैंक के लाखों ग्राहकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।*

# एलआईसी रिकॉर्ड 19,013 करोड़ मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रुपये रहा था। बीमा क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी के बाद देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान है, जिसने चौथी तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। हालांकि, वार्षिक लाभ के मामले में एसबीआई, एलआईसी से आगे रहा। पिछले वित्त वर्ष में एसबीआई ने 70,901 करोड़ रुपये कमाए, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपये कमाए। शेयर बाजार पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में कोल इंडिया ने मार्च तिमाही में 9,604 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया।

---

### ब्याज दर में तीसरी बार कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई। मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# पीएम स्वनिधि योजना के 5 साल: गुजरात में 4.79 लाख स्ट्रीट वेंडर्स बने आत्मनिर्भर

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पीएम स्वनिधि योजना देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स और छोटे व्यापारियों की आजीविका और उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन में गुजरात ने अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख पहल पीएम स्वनिधि योजना को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 1 जून 2020 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स को सशक्त बनाना और उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ना है। गुजरात सरकार ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में इस योजना को मिशन मोड में लागू किया है, जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में वेंडर्स को निर्बाध ऋण वितरण, डिजिटल पंजीकरण और निरंतर सहायता सुनिश्चित की जा रही है। जून 2025 में अपनी पाँचवीं वर्षगांठ मना रही यह परिवर्तनकारी योजना, बीते पांच वर्षों में आजीविका सशक्तिकरण, संकल्प, और समावेशी आर्थिक विकास की मिसाल बन चुकी है। उत्कृष्ट क्रियान्वयन से गुजरात पीएम स्वनिधि के देश में अग्रणी राज्यों में एकप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम स्वनिधि के सफल क्रियान्वयन में गुजरात ने निरंतर अपेक्षाओं से बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य ने जुलाई 2023 तक 3 लाख लाभार्थियों को लोन सुविधा उपलब्ध कराने का पहला लक्ष्य समय पर पूरा किया। इसके बाद अक्टूबर 2024 तक 4 लाख लाभार्थियों तक लोन पहुंचाने का दूसरा लक्ष्य भी पार कर लिया, जिसमें गुजरात को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

उनका कहना है कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां और शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे की ओर देखें, तो सभी की निगाह छह जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मानसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर भी रहेगी।"



### रेपो दर पर रहेगी निगाह

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, "इस सप्ताह केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती की उम्मीद के बीच ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से सरकारी बैंकों के शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी।

### रिलायंस डिजिटल की 'बूट अप इंडिया' सेल युवा पीढ़ी को बनाती है सशक्त बेहतरीन टेक डील्स देश भर के छात्रों के लिए रू. 1 करोड़ की स्कॉलरशिप

**मुंबई ।** बूट अप इंडिया एक एकीकृत अभियान है जिसमें इन-स्टोर एक्टिवेशन, सोशल मीडिया संचार और विभिन्न क्षेत्रों में मेल-जोल संबंधी गतिविधियां करना शामिल हैं। यह अभियान आपकी क्षमताओं को बढ़ाने और टेक्नोलॉजी हर किसी के लिए पहुंच योग्य बनाने की रिलायंस डिजिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चाहे आप कॉलेज की तैयारी कर रहे छात्र हों, अपने बच्चे के भविष्य में निवेश करने वाले माता-पिता हों, प्रोडक्टिविटी के लिए अपग्रेड करने वाले प्रोफेशनल हों, बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश करने वाले गेमर हों, रचनात्मक सीमाओं को लांघने वाले क्रिएटर हों या डिजिटल दुनिया में खुद की जगह बनाने वाले वरिष्ठ हों, यहां आपकी जरूरत अनुसार हर तरह का लैपटॉप है।

---

## शब्द पहेली - 5885



**बाएँ से दाए**


1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 5884 का हल










### कप्तान अय्यर ने फिफ्टी लगाई, अब 3 जून को बेंगलुरु के साथ मुकाबला

# पंजाब 11 साल बाद आईपीएल के फाइनल में पहुंचा, इंडियंस को 5 विकेट से हराया

- इससे पंजाब ने 2014 के सीजन का खिताबी मुकाबला खेला था
- कप्तान ने छक्का लगाकर जीत दिलाई, प्लेयर ऑफ द मैच रहे
- अय्यर ने नेहल वाधेरा ने 48 और जोश इंग्लिस ने 38 रन बनाए

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद



श्रेयस अय्यर के 41 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालीफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया और इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि इंडियन प्रीमियर लीग को इस सत्र में एक नया चैम्पियन मिलेगा। अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है। पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी। उन्होंने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 87 रन बनाये जिसकी मदद से पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाये। श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ। मुंबई के लिये आज जसप्रीत बुमराह का खराब फॉर्म भारी पड़ा जिन्होंने चार ओवर में 40 रन दे डाले और एक भी विकेट नहीं ले सके। इसके अलावा मुंबई की फील्डिंग भी काफी लचर थी और नेहाल वढेरा (48) को दो जीवनदान देना भारी पड़ गया। नमन धीर ने मिचेर सेंटनेर का आसान कैच टपकाया जबकि ट्रेंट बोल्ट ने हार्दिक पंड्या के ओवर में वढेरा का कैच फाइन लेग पर उस समय छोड़ा जब वह 13 रन पर खेल रहे थे। वढेरा ने इसका फायदा उठाते हुए 29 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 48 रन बनाये।

**मुंबई-203/6(20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का विशाख बो स्टोइनिस | 8 |
| बेयरस्टो का इंगलिस बो विशाख | 38 |
| तिलक का आर्य बो जैमीसन | 44 |
| सूर्यकुमार का वढेरा बो चहल | 44 |
| हार्दिक का इंगलिस बो उमरजइ | 15 |
| नमन का स्टोइनिस बो उमरजइ | 37 |
| राज बावा नाबाद | 8 |
| मिचेल सेंटनेर नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : नौ रन
योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन
विकेट पतन : 1-19 , 2-70 , 3-142 , 4-142 , 5-180, 6-197
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-44-0, स्टोइनिस 1-0-14-1, उमरजइ 4-0-43-2, विशाख 3-0-30-1, चहल 4-0-39-1, जैमीसन 4-0-30-1

**पंजाब-207/5 (19)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का पंड्या बो अश्वनी | 20 |
| प्रभसिमरन का टॉपली बो बोल्ट | 6 |
| इंगलिस का बेयरस्टो बो पंड्या | 38 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 87 |
| नेहाल का सेंटनेर बो अश्वनी | 48 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : चार रन
योग : 19 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन
विकेट पतन : 1-13 , 2-55 , 3-72 , 4-156, 5-169
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-38-1, टॉपली 3-0-40-0, बुमराह 4-0-40-0, अश्वनी 4-0-55-2, सेंटनेर 2-0-15-0, पंड्या 2-0-19-1

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग चैंपियन

### ट्रॉफी उठाते ही जश्न में जल उठा पेरिस

5-0 से इंटर मिलान को रौंदा | 20वें, 63वें मिनट में डोए के गोल | 70 वर्षों में सबसे बड़ी जीत




एजेंसी ⏭ म्यूनिख

पेरिस सेंट-जर्मेन ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार रात को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
|  |  |
| साई सुदर्शन | नूर अहमद |
| 679 रन | 24 विकेट |
| गुजरात | चेन्नई |

## खबर संक्षेप

### शुभमन के लिए कड़ी परीक्षा इंग्लैंड का दौरा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की।

### लवलीना शुरू करेंगी मुक्केबाजी अकादमी

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा, 'यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।'

### पहले शीर्ष-75 और फिर शीर्ष-50 में पहुंचना लक्ष्य



**अहमदाबाद।** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गयीं। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है।

# जोकोविच की आसान जीत, चौथे दौर में पहुंची गॉफ

एजेंसी ⏭ पेरिस

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153 वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाए रखा।

मिसोलिच के दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे। इस 38 साल के खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।



### आन्द्रिवा, कीज आगे बढ़ीं

*रूस की मीरा आन्द्रिवा भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। इस 18 की खिलाड़ी के सामने अब 17वें नंबर की डारिया कसात्किना की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज अमेरिका की हेली बैपटिस्ट पहली बार ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। जेसिका बौजास मानेरो को 7-6, 6-1 से हराने वाली इस खिलाड़ी को अब मैडिसन कीज की चुनौती से निपटना होगा। कीज ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए सोफिया केनिन को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया।*

### गॉफ ने मैरी को हराया

महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला 2019 फ्रेंच ओपन उपविजेता और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गईं। अमेरिका की 21 साल की कोको गॉफ मैरी बौजकोवा को 6-1, 7-6 से हराकर लगातार पांचवीं बार इस ग्रैंड स्लैम में चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। वह चौथे दौर में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।

### टैलोन और ड्रेपर जीते

नीदरलैंड के टैलोन ग्रिएक्सपोर ने अमेरिका के क्वालीफायर एथन क्विन को 4-6, 6-1, 6-7 6-1, 6-4 से हराया। ग्रिक्सपोर का अगला मुकाबला 2024 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वरेव से होगा। पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर को चौथे दौर में अलेक्जेंडर बुब्लिक की चुनौती से पार पाना होगा। ड्रेपर ने 18 साल के ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

**खास खबर**


# रिंकू सिंह आठ जून को सपा सांसद प्रिया से करेंगे सगाई



**जौनपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य, करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

**फुटबॉल**

# मेसी ने दागा दो गोल, इंटर मियामी ने कोलंबस क्रू को 5-1 से हराया



एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस में कोलंबस क्रू पर 5-1 की जीत में अहम योगदान दिया।

अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उनके बनाए मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया।

आठ बार बैलोन डी'ओर विजेता मेसी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

### पुणे जागुआर्स ने यूटीटी में यू मुंबा को हराया

Ultimate Table Tennis
Promoted by NIRAJ BAJAJ | VITA DANI

**अहमदाबाद।** पीबीजी पुणे जागुआर्स ने अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में शानदार शुरूआत करते हुए यू मुंबा टेटे को 9-6 से हराया। दिन के पहले मैच में दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के लिलियन बारडेट ने स्पेन के 39वीं रैंकिंग वाले अलवारो रोबल्स को 2-1 से मात दी। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जॉक्स ने मिस्र की दीपा मेशरफ को 2-1 से हराया। भारत के अनिर्बान घोष और मेशरफ ने मिलकर मिश्रित युगल में भारत के आकाश पाल और रोमानिया की जॉक्स को 2-1 से परास्त किया। घोष ने पुरुष उलट एकल में आकाश को 2-1 से शिकस्त दी। चार मैचों के बाद अंक बराबर होने से मुंबा की स्वस्तिका घोष और पुणे की रीत रिष्या के बीच मैच निर्णायक हो गया जिसमें रीत ने 3-0 से जीत दर्ज की।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया



**नई दिल्ली।** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किये जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला।

# गुकेश को हार से नुकसान एरिगैसी जीत से नंबर-4 पर

एजेंसी ⏭ स्टावेंजर

- गुकेश को हार से नुकसान, एरिगैसी जीत से नंबर-4 पर



मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा।

गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।

### बोपन्ना और युकी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में भारत के अभियान का रविवार को अंत हो गया जब रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। बोपन्ना और चेक गणराज्य के एडम पावलासेक दूसरी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 6-2, 7-6 से हारकर बाहर हो गए। वहीं भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे को नौवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टियन हैरीसन और इवान किंग की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-4 से हराया। जूनियर चैंपियनशिप में भारत के मानस धामने को निराशा मिली। वह अमेरिका के क्वालीफायर रोनित कार्की से 5-7 3-6 से हारकर बाहर हो गए। सत्रह साल के धामने ने भी क्वालीफायर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था। वह मुख्य ड्रॉ में अपनी क्षमता के अनुसार नहीं खेल सके।

### जेवियर मार्शल को पीछे छोड़ा, 20 साल पहले बनाया था रिकॉर्ड

# एंड्रयू ने 18 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए किया डेब्यू

एजेंसी ⏭ कार्डिफ

वेस्टइंडीज के ज्वेल एंड्रयू ने इतिहास रच दिया। रविवार को कार्डिफ में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में वेस्टइंडीज के लिए वनडे में ओपनिंग करने उतरे। वह वेस्टइंडीज के लिए 18 वर्ष की उम्र में ओपनिंग करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने जेवियर मार्शल को पीछे छोड़ा। वेस्टइंडीज तीन मैच की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर है।

पहले वनडे मैच में हार झेलने के बाद वेस्टइंडीज के लिए यह मुकाबला जीतना बेहद जरूरी है। दूसरे वनडे मैच से पहले अनुभवी बल्लेबाज एविन लुईस चोटिल हो गए। इसके चलते युवा बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू को खेलने का मौका मिला। वेस्टइंडीज के लिए मात्र तीसरा वनडे खेलने रहे ज्वेल एंड्रयू जब ब्रैंडन किंग के साथ ओपनिंग करने आए तो इस 18 साल के खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया। वह वेस्टइंडीज के लिए वनडे में ओपनिंग करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने जेवियर मार्शल का 20 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।



### वनडे के सबसे युवा ओपनर

| खिलाड़ी | उम्र | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| ज्वेल एंड्रयू | 18 वर्ष, 176 दिन | इंग्लैंड | 2025 |
| जेवियर मार्शल | 19 वर्ष, 47 दिन | द.अफ्रीका | 2005 |
| किरन पॉवेल | 19 वर्ष, 147 दिन | बांग्लादेश | 2009 |
| एड्रियन बराथ | 19 वर्ष, 324 दिन | जिम्बाब्वे | 2010 |

### टी20 में बराथ के नाम रिकॉर्ड

बता दें कि एड्रियन बराथ 19 साल और 320 दिन की उम्र में टी20 में वेस्टइंडीज के सबसे युवा सलामी बल्लेबाज हैं। वहीं, ओवरऑल रिकॉर्ड रॉबिन बायनो के नाम है, जिन्होंने 1941 में पैदा होने के बाद 1959 में लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 18 साल 31 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। एंड्रयू 2024 में वेस्टइंडीज की अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे। इसके कुछ ही महीनों के भीतर ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिल गई। हालांकि, 18 साल के खिलाड़ी को अभी यह दिखाना बाकी है कि उसे वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय टीम में क्यों चुना गया है।

## चिंतन

# कोरोना की शनैः शनैः वापसी, सतर्कता जरूरी

बदलते मौसम के साथ कोरोना की शनैः शनैः वापसी यूं तो खतरनाक नहीं है, लेकिन सतर्क रहने की दस्तक जरूर है। पूर्व में भारत कोरोना के दौरान काफी नुकसान उठा चुका है। सरकार ने अधिकृत तौर पर अभी तक कोरोना महामारी से देश को मुक्त घोषित नहीं किया है। महामारी के सामान्य हो जाने के बाद सभी बंदिशें जरूर खत्म कर दी गईं, लेकिन कोरोना के केस इक्का-दुक्का जरूर रिपोर्ट होते गए। बाद में इसके कई वैरिएंट आए, पर खतरा कम होता गया। माना गया कि सतर्कता, जागरुकता और टीकाकरण के सम्मिलित प्रयास से कोविड-19 को नियंत्रित करने में मदद मिली। जनजीवन बिल्कुल सामान्य हो गया और दुनिया भर में लोग अपनी दिनचर्या में लीन हो गए। वर्ष 2025 में कोरोना वायरस ने फिर से डराना शुरू किया है। सिंगापुर और हांगकांग से शुरू हुआ यह मामला अब भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मई शुरू होते ही देश के चार राज्यों में कोविड ने पैर पसारने शुरू किए, जो कि अब पूरे भारत में बढ़ने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून 2025 तक भारत में कोविड के एक्टिव केस 3758 हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल से 1400 सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 मरीज संक्रमित हैं। जनवरी से लेकर अभी तक 28 लोगों की मौत कोविड की वजहों से हुई है। पिछले हफ्ते की तुलना में कोरोना वायरस के केस में 1200 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते दो साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोविड के एक्टिव केस 3500 के पार पहुंच गए हैं। सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों के हवाले से आश्वस्त किया है कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, पर लोगों को अपने स्तर पर एहतियात बरतनी चाहिए और वायरस के संक्रमण के बचे रहने के लिए दो गज की दूरी समेत सभी जरूरी प्रोटोकॉलों को अपनाना चाहिए। सरकार ने अपने स्तर पर राज्यों के अस्पताल मशीनरी को अलर्ट कर दिया है, ताकि मरीजों के अचानक बढ़ने पर इलाज में दिक्कत न हो। कोरोना का पहला मामला भारत में 30 जनवरी 2020 को केरल से सामने आया था। पहले 100 केस आने में 46 दिन का वक्त लगा था। इसके बाद 1000 केस तक पहुंचने में केवल 15 दिन का ही समय लगा था। इसके बाद 24-25 मार्च की दरम्यानी रात को देशभर में लॉकडाउन लगा दिया गया था। पहले चरण में एक महीने में केस बढ़कर 3000 के पार हो गए थे। सितंबर 2020 में पहली लहर चरम पर थी तब रोजाना करीब 93,000 केस दर्ज हो रहे थे। दूसरी लहर तो भयानक थी। मार्च 2021 तक केस तेजी से बढ़ने लगे थे। डेल्टा वेरिएंट की वजह से संक्रमण की रफ्तार तेज थी। अप्रैल-मई 2021 के बीच रोज करीब 4 लाख केस दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य व्यवस्था की कलई खुल गई थी। मौत की संख्या भी ज्यादा थी। तीसरी लहर की शुरुआत ओमिक्रोन वेरिएंट के जरिए हुए थी। यह वायरस तो बहुत तेजी से फैला, लेकिन इसके लक्षण हल्के थे, इसलिए मौतें बहुत ज्यादा नहीं हुई थीं। सिर्फ 8 दिन में ही केस 10,000 से 1 लाख के पास पहुंच गए थे। इस वर्ष 2025 में कोविड के जेएन.1 वेरिएंट का खतरा है, जो कि अब तेजी से फैल रहा है। सरकारों ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहने और मास्क लगाने की अपील की है। साथ ही, बुखार, खांसी और सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। लोग पैनिक न हों, पर सतर्क जरूर रहें। सरकार को जरूरी टीकाकरण और अस्पतालों की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए।

# तेज चली दिल्ली, साफ यमुना चुनौती



सौ दिन
योगेश कुमार सोनी

बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था जो बहुत वायरल हुआ। भारत के लोग आस्थाओं के आधार पर भी पार्टी व नेता चुनते हैं, यह विधानसभा चुनाव में देखने को मिला। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने तीन महीने से अधिक हो चुके हैं। जितना आसानी से जनता से वादा किया, राह उतनी आसान नहीं है। चूंकि विकास कार्यों को पूर्ण करने में कई तरह तकनीकी समस्याएं हैं जिसके निवारण के लिए समय और हाइटेक साधन लगेंगे।

दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर बीते शनिवार को दिल्ली सरकार ने विशेष कार्यक्रम '100 दिन सेवा के' आयोजित किया। इसमें बॉलीवुड स्टार अनुपम खेर भी पहुंचे। रेखा गुप्ता ने कहा कि हमने सौ दिन में उन सभी वादों को पूरा करने के लिए हर उस काम की नींव रखी जिसको केवल आम आदमी पार्टी बातों में पूरा करती थी लेकिन वहीं दूसरी ओर विपक्ष का कहना है कि भाजपा सरकार ने केवल हमारी योजनाओं के ही नाम बदले हैं और वह भी ढंग से नहीं चला पा रही। लेकिन मुख्यमंत्री रेख गुप्ता का कहना है कि हमारी सरकार लोगों के बीच सड़कों पर काम कर रही है।

दिल्ली के मंत्रिमंडल, विधायक, सभी जनप्रतिनिधि लगातार लोगों के बीच सड़कों पर काम करते हैं। एक बार फिर यमुना की सफाई का मुद्दा पक्ष-विपक्ष ने जमकर उछाला लेकिन सवाल यही है कि क्या अहम वादों पर काम कर पा रही है बीजेपी चूंकि यमुना की सफाई का मुद्दा बीते विधानसभा में इतना उछाला गया था कि वह शिक्षा,सुरक्षा व रोजगार की तरह जनता व सरकार दोनों ने ही गंभीर तरह से लिया। समझा यह भी जाता है कि यमुना की सफाई का मुद्दा आम आदमी पार्टी की हार का एक मुख्य कारण भी रहा। बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था जो बहुत वायरल हुआ। भारत के लोग आस्थाओं के आधार पर भी पार्टी व नेता चुनते हैं, यह विधानसभा चुनाव में देखने को मिला। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने तीन महीने से अधिक हो चुके और सरकार इस मामले को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। बीते दिनों यमुना की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने ऑपरेशन साहिबी रिवर बोर्ड गठित कर काम भी तुरंत शुरू किया है।

अधिकारियों के अनुसार यमुना में जितनी गंदगी है उसकी करीब 50 फीसदी से अधिक नजफगढ़ ड्रेन से आती है। यदि इसे साफ कर दिया जाता है तो यमुना में गंदगी अपने आप कम हो जाएगी। इसलिए नजफगढ़ ड्रेन में जितने भी सब-ड्रेन आकर मिलते हैं उन सभी को ट्रैप करने का प्लान बनाया गया है। पहले चरण में तिमारपुर से पंजाबी बाग के बीच लगभग 10 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच में मिलने वाले 23 ड्रेन को ट्रैप किया जाएगा। जैसा कि सरकार बनते ही बीजेपी इस मुद्दे को हल्के में नहीं ले रही वैसे ही विपक्ष भी इस पर हर बार अपनी प्रतिक्रिया देने में पीछे नहीं हट रहा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। यादव ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने यमुना सफाई को अपनी प्राथमिकता बताया था परंतु अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल



गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। यादव ने इसे बीजेपी सरकार की नाकामी बताई। देखा जाए तो इस समय आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के पास तमाम अन्य मुद्दे भी हैं लेकिन यमुना सफाई पर ही राजनीति केंद्रित है। समझ में यह आता है कि यमुना सफाई का मुद्दा अहम इसलिए भी है कि यमुना से कई तरह की आस्थाओं का जुड़ना है। जब भी छठ का पर्व आता है तो पूर्वांचली यमुना के कई हिस्सों पर पूजा करते हैं व जब यह लोग वहां स्नान करते थे तो पानी नहाने व आचमन के योग्य नहीं होता था। दिल्ली में रह रहे पूर्वांचली हमेशा इसका विरोध करते रहे लेकिन यदि अब भी स्थिति वैसी रही तो बीजेपी के लिए भी एक नकारात्मक संदेश जा सकता है।

उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने पहले से छठ की पूजा के लिए अलग से घाट बनाए थे लेकिन वहां के लोगों का कहना था कि पानी स्वच्छ नहीं था और लोगों में बहुत नाराजगी भी थी लेकिन फिर भी लोगों ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी के चोटी के नेताओं पर भरोसा किया और यमुना सफाई को आधार बनाकर वोट दिया। बीजेपी सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जिसमें 250 करोड़ रुपये सीवर ट्रीटमेंट प्लान और 250 करोड़ रुपये वाटर ट्रीटमेंट प्लान पर खर्च करने की बात कही है। यदि वाकई ईमानदारी से इतना बड़ा बजट लग जाए तो निश्चित तौर पर यमुना को लेकर दिल्ली की तस्वीर बदल जाएगी लेकिन यह बात भी तय है कि इसमें समय भी लगेगा। इसके अलावा दिल्ली सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी है कि यमुना खादर में अवैध तरीके से रहे लोगों को हटाकर कहां स्थापित किया जाए?

ज्ञात हो कि बीते वर्ष जब दिल्ली में बाढ़ आई थी तो हजारों लोग खादर से निकल कर सड़कों पर आ गए थे और कई जानवर भी मर गए थे जिसको देखकर आम आदमी पार्टी सरकार के हाथ-पांव फूल गए थे। उन सभी लोगों ने कुछ दिन के लिए अपना आशियाना पुल के नीचे हिस्सों पर व सड़को पर टेंट लगाकर बना लिया था। लेकिन आश्चर्य यह हुआ कि शासन-प्रशासन के अनुसार वहां जितने लोग रह रहे थे, उससे कहीं अधिक निकले। मानो जैसे पूरी एक कॉलोनी बसा ली हो। इसको लेकर विभाग ने माना कि यह भी यमुना में गंदगी का एक बड़ा कारण है। लेकिन सच्चाई यह है कि जहां यमुना बहती है वहां के आस-पास अभी भी हजारों लोग बसे हुए हैं जिससे हमेशा उनकी जान को खतरा बना रहता है, साथ ही गंदगी भी रहती है। इसके अलावा दिल्ली के तमाम इंड्रस्टियल इलाके ऐसे हैं जहां से जहरीला पानी निकलता है और इसके विषय में सबको जानकारी है लेकिन उनके लिए सरकार के पास फिलहाल कोई योजना नहीं है। इसलिए जितना आसानी से जनता से वादा किया, राह उतनी आसान नहीं है। चूंकि कई तरह तकनीकी समस्याएं हैं जिसके निवारण के लिए समय और हाइटेक साधन लगेंगे। लेकिन इच्छाशक्ति व गंभीरता से किया हुआ काम नया सवेरा भी लेकर आ सकता है जिससे जनता की उम्मीद व सरकार का वादा, दोनों पूरे हो सकते हैं। चूंकि अब दिल्ली सरकार का हनीमून पीरियड खत्म हो चुका। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाली सरकार है, और अब हमारा अगला लक्ष्य है -विकसित दिल्ली। हमें दिल्ली के विकास को रफ्तार देनी है और लोगों को यह विश्वास दिलाना है कि भाजपा सरकार उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। मुझे खुशी है कि हमने सौ दिनों के कम समय में ही बहुत से बड़े कामों को पूरा किया है। सभी संबंधित अधिकारियों को मानसून से पहले नालों की सफाई पूरी करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि लोग कहने लगे हैं कि काम हो रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## समृति शेष

विवेक शुक्ला



# वाल्मीक थापर के बाद अब कौन करेगा बाघों की चिंता

बाघ मित्र वाल्मीक थापर नहीं रहे। वे 73 साल के थे। उनके निधन से भारत और दुनिया ने बाघों का एक सच्चा मित्र खो दिया है। अगर भारत में प्रोजेक्ट टाइगर परियोजना सफल हुई तो इसका श्रेय वाल्मीक थापर को भी देना होगा। उन्हें 2005 में टाइगर टास्क फोर्स में नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने बाघ संरक्षण की रणनीतियों को मजबूत करने में योगदान दिया। भारत में 2018 से 2022 के दरम्यान 200 बाघों की आबादी बढ़ी। वाल्मीक थापर की बाघ संरक्षण की मुहिम ने देश में एक आंदोलन का रूप लिया। देश के चोटी के चिंतक और सेमिनार पत्रिका के संपादक स्वर्गीय रोमेश थापर और राज थापर के पुत्र थे वाल्मीक थापर। उनकी शादी शशि कपूर की पुत्री संजना कपूर से हुई थी। थापर अपना सारा काम सुर्खियों से दूर रहकर करना पसंद करते थे। जो लोग वाल्मीक और संजना को जानते हैं, वे कहते हैं कि इन दोनों को करीब लाने में जंगल और जंगली जानवर प्रेम अहम रहा है। उनका एक पुत्र हमीर है। वाल्मीक थापर की 'दि लास्ट टाइगर' नाम की किताब को भारत में बाघों के विलुप्त होने के कारणों पर लिखी सबसे बेहतर पुस्तक माना जाता है। वाल्मीक थापर ने जिस तरह की लड़ाई लड़ी उसके बिना बाघ को बचाना कठिन था। उनकी गिनती दुनिया के सबसे



सम्मानित वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के रूप में होती थी। उन्होंने वाइल्ड लाइफ पर दस से अधिक किताबें और सैकड़ों शोध लेख लिखे हैं। भारत को दर्जनों वाल्मीक थापर चाहिए। तब ही हमारे इधर जंगल और जंगली जानवर बच पाएंगे। वाल्मीक थापर ने खास तौर पर राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को बचाने के लिए ठोस कार्य किया। उनके कामों में लेखन, वन्यजीव फिल्म निर्माण और नीति निर्माण शामिल था। इन्होंने अपना पूरा जीवन बाघों के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वाल्मीक थापर ने बाघों के अवैध शिकार को रोकने के लिए सख्त कानूनों और नीतियों की वकालत की। उन्होंने बाघों के प्राकृतिक आवास को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने पर जोर दिया, ताकि उनकी आबादी को संरक्षित किया जा सके। उनके प्रयासों से यह पार्क भारत में बाघ संरक्षण का एक मॉडल बन गया। वाल्मिकी थापर 150 से अधिक सरकारी समितियों और टास्क फोर्स का हिस्सा रहे, जिनमें नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ भी शामिल था। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं। थापर ने भारत में अफ्रीकी चीतों को लाने के प्रोजेक्ट चीता की आलोचना की थी। उनका मानना था कि भारत में चीतों के लिए उपयुक्त आवास, शिकार या विशेषज्ञता की कमी है, जिसके कारण यह परियोजना दीर्घकालिक रूप से सफल नहीं हो सकती। वाल्मीक थापर ने बाघों और भारतीय वन्यजीवों पर 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं और संपादित कीं, जो उनके अनुभवों और शोध का निचोड़ हैं। उनकी कुछ प्रमुख पुस्तकें हैं: 'लैंड ऑफ द टाइगर: ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (1997): इस पुस्तक में उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को विस्तार से प्रस्तुत किया। यह पुस्तक प्रकृति प्रेमियों और संरक्षणवादियों के बीच काफी लोकप्रिय रही। उनकी अन्य पुस्तकों में बाघों के व्यवहार, उनके आवास और संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर गहन विश्लेषण शामिल है। उनकी लेखन शैली वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कथात्मक शैली का मिश्रण है, जो सामान्य पाठकों और विशेषज्ञों दोनों को आकर्षित करती है। उन्होंने वन्यजीवों पर कई प्रभावशाली फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बनाईं, जो भारतीय वन्यजीवों की सुंदरता और उनके सामने मौजूद खतरों को उजागर करती हैं। उनकी बीबीसी के लिए 'लैंड ऑफ द टाइगर' (1997) नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को दिखाया गया। इस सीरीज ने विश्व स्तर पर भारतीय वन्यजीवों के प्रति जागरुकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कई अन्य वन्यजीव फिल्मों में योगदान दिया, जो भारत बल्कि वैश्विक मंच पर संरक्षण के मुद्दों को उठाने में सहायक रहीं। वाल्मीक थापर ने अपनी पुस्तकों, फिल्मों और सार्वजनिक व्याख्यानों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण के प्रति व्यापक जागरुकता फैलाई। उनकी रचनाओं ने न केवल भारत बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया। उनके निधन से बाघों को बचाने की मुहिम को धक्का लगेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
## दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है। तीसरी भक्ति है अभिमान छोड़ कर अपने श्रेष्ठ, ज्येष्ठ, गुरुजनों की सेवा करना।

# ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
## प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *- मोहित पटेल, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए खोली गई

उत्तराखंड के चमोली जिले में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल फूलों की घाटी को रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फूलों की घाटी कहे जाने वाले राष्ट्रीय उद्यान के लिए घांघरिया से 83 पर्यटकों के पहले दल को परमिट जारी कर विधिवत अनुमति दी गई जिनमें से चार पर्यटकों ने ऑनलाइन और 79 पर्यटकों ने सामान्य तरीके से अनुमति ली थी। फूलों की घाटी बदरीनाथ धाम के पास है जिसके लिए गोविंदघाट कस्बे से पुष्पावती नदी के किनारे भ्यूंडार के रास्ते घांघरिया से जाया जाता है। हर साल देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। घाटी में तरह-तरह की अनेक प्रजाति की वनस्पतियां और रंग-बिरंगे फूल उगते हैं जिनकी निराली छटा देखते ही बनती है। वानस्पतिक विविधता को देखते हुए यूनेस्को ने 2005 में इसे विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया था। पर्यटकों के लिए यह घाटी हर साल जून में खुलती है जो अक्टूबर में हिमपात शुरू होने के बाद बंद कर दी जाती है। मानसून आगमन के करीब घाटी में फूलों की बहार आने लगती है जो सितंबर तक अपने चरम पर होती है।



## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।



## ट्रेंड

### बाल रक्षा दिवस



स्वस्थ, शिक्षित एवं संस्कारित बच्चे विकसित राष्ट्र का आधार होते हैं। आज अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर सबको हार्दिक बधाई! 'बाल-कल्याण' सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, हम बच्चों को बेहतर शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कानून की अनदेखी



देश के राज्यों खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहाँ कानून का राज सही से नहीं चल रहा है।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### प्राकृतिक विरासत की रक्षा



वाल्मीक थापर हमारे वन्यजीवों, विशेषकर बाघों के लिए एक भावुक आवाज़ थे। उनका जीवन हमारी प्राकृतिक विरासत की रक्षा करने और अटूट प्रतिबद्धता से पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए समर्पित था।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आत्मा का संकेत



निंदकपन मरती हुई आत्मा का संकेत है। केवल ज्ञान, ध्यान और हास्य ही आत्मा को जीवित रख सकते हैं और लोगों को बड़बड़ाने वाली मानसिकता से बाहर निकलने में मदद कर सकते हैं।
**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# निर्वाचन आयोग ने दो दशक में किया उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में संशोधन

- मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की कवायद
- संशोधन नहीं किए जाने पर भी सूची की वैधता नहीं होगी प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को ''त्रुटिरहित'' बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी। वर्तमान मतदाता सूची की वैधता विशेष संशोधन के पूरा होने तक बरकरार रहती है। अधिकारियों ने रेखांकित किया कि यह आयोग पर निर्भर करता है कि आवश्यकता के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन किया जाना है या नहीं। आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा।

## जिन सुखोई का पाक पर हमले के लिए किया गया इस्तेमाल, उन्हीं के टायर दिए कंपनी ने

48 साल से बोइंग 747 के टायरों का हो रहा था इस्तेमाल

# बोइंग हुआ पुराना, अब सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर निकलेगी श्री जगन्नाथ की 'रथयात्रा'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा यूं तो अपने आप में विशेष होती है, लेकिन इस बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में कुछ और विशेष को शामिल किया गया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि इस बार भगवान जगन्नाथ का रथ भारतीय वायुसेना के सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर चलाया जाएगा। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि पिछले 48 साल से भगवान जगन्नाथ के रथ में बोइंग 747 के पुराने टायरों का इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन, साल 2025 में हमने देखा कि अब उन टायरों की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसके बाद हमें पता चला कि बोइंग 747 के पुराने टायर उपलब्ध नहीं हैं। तो हम इसके रिप्लेसमेंट ढूंढने लगे।

**इस्कॉन ने कहा-** मौजूद स्थिति को देखते हुए शायद भगवान जगन्नाथ यह संदेश दे रहे हैं कि शांति ही सबसे अच्छा विकल्प



इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि हमने 2018 में एमआरएफ से सुखोई के टायर के लिए संपर्क किया था और उन्होंने इस साल टायर उपलब्ध कराए हैं।

### रथ के लिए सुखोई के लेटेस्ट टायर कराए उपलब्ध

इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष ने कहा कि हाल ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में सुखोई फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया गया था और कंपनी ने हमें वही टायर दिए, जिन्हें हमने भगवान जगन्नाथ के रथ में लगाया है। उन्होंने कहा कि हमने बीती रात में कोलकाता की सड़कों पर 24 किलोमीटर का एक ट्रायल रन भी किया। हमने पहले यह तय नहीं किया था कि हम रथ में किस टायर का इस्तेमाल करेंगे।



## खबर संक्षेप

### सुंदर नगरी सिलेंडर ब्लास्ट, 2 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** यहां के सुंदर नगरी इलाके में शनिवार एक बड़ा हादसा हुआ। यहां एक सीएनजी सिलेंडर फट गया। हादसे में 3 नाबालिग बच्चों समेत 4 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इलाज के दौरान दो नाबालिगों की मौत हो गई है। दोपहर बाद सूचना मिली थी।



### बकरों से लदा कैंटर टकराया, 4 की मौत

**अलीगढ़।** थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून तड़के 3.30 बजे बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में पिता-पुत्र समेत एटा के चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं। एटा के पशु व्यापारी दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे।



### उपराष्ट्रपति ने की योगी की अहिल्याबाई से तुलना

**आगरा (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना राजमाता अहिल्याबाई होल्कर से करते हुए रविवार को कहा कि अहिल्याबाई की सोच ''विधि की रचना'' की तरह आदित्यनाथ में आ गई है और आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के कार्यों को उसी तरह याद करेंगी जैसे हम आज लोकमाता अहिल्याबाई के कामों की करते हैं।



### स्टालिन ने पंजीकरण अभियान शुरू किया

**मदुरै (भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के नए सदस्यता अभियान 'ओरानियिल तमिलनाडु' की रविवार को शुरुआत की। स्टालिन ने पार्टी की आम परिषद की बैठक में एक प्रस्ताव पेश किया जिसमें घर-घर जाकर अभियान चलाने और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं अधिकारों की रक्षा के लिए उसके संघर्ष के बारे में लोगों को बताने का संकल्प लिया गया।

### गुजरात के मंत्री खाबड़ का बेटा गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के दाहोद में रविवार को पुलिस ने राज्य के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री बच्चूभाई खबाड़ के बेटे बलवंत खबाड़ को गिरफ्तार कर लिया। बलवंत को कुछ दिन पहले ही मनरेगा से जुड़े एक मामले में जमानत मिली थी। लेकिन अब उन पर एक और मामले में कार्रवाई हुई है। बलवंत और उनके भाई किरण को 29 मई को जमानत मिली थी।



## विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान

# मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर रही : अमित शाह

ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कानून के खिलाफ हैं। गृह मंत्री ने टीएमसी पर बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे ''राज्य प्रायोजित'' थे। शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, "मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं।'' शाह ने कहा, ''2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी।'' तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

- दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे के पहले दिन शाह ने विजय संकल्प कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया
- मुर्शिदाबाद में हुए दंगों को लेकर टीएमसी को घेरा

### मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे



भाजपा नेता ने दावा किया, ''जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।'' शाह ने आरोप लगाया, ''मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।''

### राज्य में भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार हो रहा

मुर्शिदाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बनर्जी के शासन पर हमला तेज करते हुए शाह ने कहा, ''आज ममता दीदी ने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है।'

### राष्ट्रीय सुरक्षा में बाधा डाली

' राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयासों में ''बाधा'' डालने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता शाह ने कहा, ''ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध कर रही हैं।'' गृह मंत्री ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर सीमा पार से अवैध आवाजाही को सुविधाजनक बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''बंगाल चुनाव न केवल राज्य का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह देश की सुरक्षा से भी जुड़ा है।

### बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खुली छोड़ दी

ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खुली छोड़ दी हैं। उनके आशीर्वाद से घुसपैठ हो रही है। इसे केवल भाजपा सरकार ही रोक सकती है।'' घुसपैठ रोकने में बीएसएफ की ''विफलता'' की तृणमूल की आलोचना का जवाब देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीएसएफ को जरूरी जमीन नहीं दी है। उन्होंने कहा, ''एक बार तृणमूल सरकार बीएसएफ को जरूरी जमीन दे दे, तो हम घुसपैठ रोक देंगे।''

#### सत्तारूढ़ पार्टी कभी भी बीएसएफ को जमीन नहीं देगी

शाह ने दावा किया, ''लेकिन, बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी कभी भी बीएसएफ को जमीन नहीं देगी, क्योंकि वह चाहती है कि घुसपैठ जारी रहे ताकि वह सत्ता में बनी रहे।'' शाह ने बनर्जी पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर दृढ़ रुख अपनाने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''पिछली सरकारों में ममता दीदी जब मंत्री थीं, तब भी आतंकी हमलों से सख्ती से निपटने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट करके आतंकी हमलों के खिलाफ कड़े कदम उठाए। लेकिन ममता दीदी को इससे दिक्कत है।'' शाह ने आरोप लगाया, ''अपने वोट बैंक की खातिर ममता दीदी ने निचले स्तर पर जाने की सारी हदें पार कर दी हैं। कुछ दिन पहले पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को उनका धर्म पूछकर उनके परिवारों के सामने ही मार डाला।'' उन्होंने कहा, ''इन आतंकियों को सजा देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया।

# आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी का आदेश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इनकार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी। लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा। कमलेसन मार्च 2017 में थर्ड कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट पद पर भर्ती हुए थे। उन्हें 'बी स्क्वाड्रन' का ट्रूप लीडर बनाया गया था, जिसमें अधिकतर सिख जवान शामिल थे।

### हाईकोर्ट ने कहा सेना में अनुशासन ही सब कुछ

कमलेसन ने अपनी याचिका में कहा कि उनकी रेजिमेंट में मंदिर और गुरुद्वारा तो है, लेकिन सभी धर्मों के लिए कोई 'सर्व धर्म स्थल' नहीं था, और न ही चर्च मौजूद था। इस पर कोर्ट ने कहा कि भले ही कुछ रेजिमेंटों के नाम या परंपराएं किसी धर्म या क्षेत्र से जुड़ी हों, लेकिन इससे सेना का सेक्युलर चरित्र कमजोर नहीं होता। कोर्ट ने यह भी माना कि सेना में कई बार युद्ध घोषणाएं (वार क्राई) धार्मिक लग सकती हैं, लेकिन उनका मकसद सिर्फ जोश और एकता बढ़ाना होता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कमलेसन ने अपने धर्म को अपने सीनियर अधिकारी के वैध आदेश से ऊपर रखा, जो कि सेना में अनुशासनहीनता मानी जाती है। सेना में अनुशासन का स्तर आम नागरिकों से अलग होता है।

## मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची की मौत 'संस्थागत हत्या', सरकार की 'नाकामी' : कांग्रेस

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने रविवार को बिहार की जदयू-भाजपा सरकार को मुजफ्फरपुर की दलित वर्ग की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया और इसे 'संस्थागत हत्या' करार दिया। कांग्रेस ने लोगों से बिहार की मौजूदा सरकार से मुक्ति पाने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार ''सभी मोर्चों पर विफल रही है।'' कांग्रेस नेता रंजीत रंजन ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि बिहार में शासन और कानून-व्यवस्था चरमरा गई है तथा महिलाएं अब सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि सत्ता में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 26 मई की शाम को बिहार के मुजफ्फरपुर में दलित लड़की से दुष्कर्म किया गया और उसे बुरी तरह पीटा गया, जो भयावह है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नाबालिग लड़की को उसकी मौसी के घर के पास चॉकलेट खिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर मक्का के खेत में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने कहा कि आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म किया गया, उसके शरीर पर चाकू के 20 निशान थे और उसे मरने के लिए ईंटों के भट्ठे में छोड़ दिया गया।

## हरकी पैड़ी पहुंचीं सीएम रेखा

# मुख्यमंत्री ने पति संग लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता रविवार को हरिद्वार दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने सबसे पहले पति के साथ हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा में स्नान किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता पहली बार हरिद्वार पहुंची हैं। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि गंगा स्नान मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अपनी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल को पूरा करपुण्य भूमि हरकी पैड़ी पर आई हूं। आज मैंने मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए यही प्रार्थना की है कि भारतवर्ष विकसित हो और उसमें दिल्ली भी अपना स्थान बनाएं। हालांकि खबर है कि उनके काफिले की 5 गाड़ियों में टक्कर भी हो गई थी।



## नगालैंड में सियासी हलचल

# नगालैंड में एनसीपी के सभी 7 विधायक एनडीपीपी में गए

एजेंसी ▶▶ कोहिमा

नगालैंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सभी 7 विधायक सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली पार्टी को 60 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिल गया है।

इससे विधानसभा में एनडीपीपी की ताकत 25 से बढ़कर 32 हो गई है। 2023 के विधानसभा चुनावों में एनसीपी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। एनडीपीपी और उसकी सहयोगी भाजपा के बाद एनसीपी ने 12 सीटें जीती थीं। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नगालैंड सरकार के प्रवक्ता केजी केन्ये ने कहा कि 7 सदस्यों के साथ राज्य विधानसभा में तीसरा सबसे बड़े समूह एनसीपी का औपचारिक रूप से एनडीपीपी में विलय हो गया है। सदन के अध्यक्ष ने विलय के आवेदन को स्वीकार कर लिया है।



## ऑपरेशन सिंदूर पर खरगे का प्रधानमंत्री पर तंज

# पीएम को 'खुद की तारीफ' करने की जरूरत नहीं, सेना को अधिकार दिए तो क्यों बोल रहे?

### सुरक्षा के मामलों में सभी नेता चुप रहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम द्वारा दिए जा रहे भाषणों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र की सुरक्षा की बात हो तो देश भर के सभी नेताओं को शांत रहना चाहिए। हमारे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौर पर गए हुए हैं ऐसे में जब तक वह वापस नहीं आ जाते चुनाव प्रचार नहीं होना चाहिए। पीएम को चुनावी भाषणों में अपनी प्रशंसा वाले बयान देने से बचना चाहिए। देश भर के सभी नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले पर चुप रहना चाहिए। बोलने से पहले समझना चाहिए।



### जयराम ने सीडीएस के बयान पर उठाए सवाल

कांग्रेस महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने सरकार पर पारदर्शिता न बरतने का आरोप लगाया है। रमेश ने कहा कि सिंगापुर में जनरल चौहान की तरफ से किए गए खुलासों को लेकर अब तक हमें इंतजार क्यों करना पड़ा है? बेहतर होता कि जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक आयोजित की थी, उसी वक्त जानकारी देनी चाहिए थी और सरकार को इस बारे में देश की संसद को सूचित करना चाहिए था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के बयान पर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर है।



## तेज प्रताप ने तेजस्वी को किया आगाह, साजिश बेनकाब करूंगा

# पापा आप न होते तो न पार्टी होती और न ही ये जयचंद

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का बड़ा बयान सामने आया है। तेज प्रताप ने इस बार अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के लिए रविवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने तेजस्वी से कहा कि मेरे भाई मैं हर परिस्थितियों में तुम्हारे साथ हूं। तुम जयचंदों से सावधान रहना क्योंकि वह हर जगह हैं। तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई को अर्जुन कहा। सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे। कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह हैं। अंदर भी और बाहर भी हैं।

### जयचंद हर जगह, अंदर भी और बाहर भी

#### मम्मी-पापा ही मेरी सारी दुनिया



पिछले कुछ समय से विवादों में चल रहे तेजप्रताप यादव ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने माता-पिता, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के लिए एक भावुक पोस्ट साझा की है. इस पोस्ट में तेजप्रताप ने अपने मम्मी-पापा को अपनी सारी दुनिया बताया है। मेरी सारी दुनिया बस आपदोनों में ही समाई है.।

#### ... तो कुछ जयचंद जैसे लालची लोग

तेजप्रताप ने लिखा आप है तो सब कुछ है मेरे पास। उन्होंने अपने पिता लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक विरासत को भी याद किया और कहा कि पापा आप नही होते तो नं ये पार्टी होती और न मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग।

#### मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए

इससे पहले तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के लिए पोस्ट लिखा था। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मेरे प्यारे मम्मी पापा... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सब कुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए न कि कुछ और। बस मम्मी पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहें हमेशा।

## 4.19 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त

# पांच महीने में मादक पदार्थों और मवेशियों के 149 तस्कर गिरफ्तार

- 2.21 करोड़ के प्रतिबंधित पदार्थ जब्त

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में पिछले पांच महीनों में मादक पदार्थों और मवेशियों के 149 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किये गये तस्करों में से 61 आरोपियों को दोषी ठहराया गया, जबकि मादक पदार्थ तस्करों की 4.19 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई और 35 बैंक खातों के लेन-देन पर रोक लगा दी गयी। पुलिस ने उधमपुर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनवरी से मई तक कुल 44 मामले दर्ज कर 62 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 2.21 करोड़ रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस के मुताबिक, मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल किए जाने वाले 16 वाहनों को भी जब्त किया गया और एच1 दवाओं से संबंधित उल्लंघन के लिए दवा की चार दुकानों को बंद कराया गया।




## खबर संक्षेप

### फ्रांस:चैंपियंस लीग जीतने के जश्न में दो की मौत



**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई।

### जर्मनी: पुलिस पर गोली चलाई, हमलावर ढेर

**बर्लिन।** चेक गणराज्य से लगी जर्मनी की सीमा के निकट जर्मन पुलिस की कार्रवाई में उस समय एक व्यक्ति मारा गया, जब संघीय गश्ती दल के रोकने पर उसने अधिकारियों पर गोली चला दी। पुलिस गश्ती दल ने कार चालक को जांच के लिए रोका तो उसने अधिकारियों पर गोली चलाई। यह घटना शनिवार दोपहर को जर्मनी के अंदर शिरंडिंग और मुंचेनरेउथ के बीच हुई।

### शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है। ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा।

### तुर्की के नए तानाशाह बनें एर्दोगन, विपक्षी नेताओं को जेल में डाला

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन विपक्ष को खत्म करने पर तुले हुए हैं। उन्हें तुर्की के नए तानाशाह के रूप में देखा जा रहा है। एर्दोगन के इशारे पर तुर्की के अधिकारियों ने इस्तांबुल में विपक्षी पार्टी के कई सदस्यों को हिरासत में लिया है। विपक्ष द्वारा संचालित नगरपालिकाओं पर छापेमारी की गई।

## छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के मामले में ट्रिब्यूनल ने तय किए आरोप

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की बढ़ी मुश्किलें, गिरफ्तारी वारंट जारी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने के मामले में सामूहिक हत्या सहित कई गंभीर आरोपों में अभ्यारोपित कर दिया है। हसीना के गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। रविवार की कार्रवाई के बाद यह तय हो गया है कि हसीना के खिलाफ मुकदमा उनकी अनुपस्थिति में शुरू किया जाएगा।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) की तीन सदस्यीय पीठ कहा कि हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं।

### यह लगाए आरोप

- अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया।
- अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत, उकसाने,भड़काने और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है



### सत्ता से हटने के 10 महीने बाद हसीना पर बड़ी कार्रवाई

बांग्लादेश में यह प्रक्रिया उस समय शुरू हुई है जब हसीना सरकार के सत्ता से हटने को लगभग दस महीने बीत चुके हैं। इस मामले में तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण पीठ ने अभियोजन पक्ष द्वारा हसीना पर प्रदर्शनों को क्रूरता से कुचलने के आरोप औपचारिक रूप से दर्ज किए जाने के बाद कहा कि हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। इसके साथ ही न्यायाधिकरण ने शेख हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। तीसरे आरोपी, उस समय के पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून फिलहाल हिरासत में हैं, और उनके खिलाफ मुकदमा उनकी उपस्थिति में ही चलेगा।

### अजीबोगरीब फैसला

### सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी के आतंकी को रिहा किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन फिर से ताकतवर होते जा रहे हैं। इसी बीच बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल कर दिया। वहीं, पार्टी को चुनावों में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान इसकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के चलते बैन लगाया गया था। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पार्टी पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सैयद रिफात अहमद की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय खंड ने यह निर्देश जारी किया।

### इस न्यायाधिकरण का गठन 1971 में किया गया था

इस न्यायाधिकरण का गठन मूलतः पिछली सरकार द्वारा 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों के सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए किया गया था। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के छह शीर्ष नेताओं और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक नेता को अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी की सजा दी गई थी।

### जांच रिपोर्ट में हसीना को बताया था हत्याओं के लिए जिम्मेदार

जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए, आईसीटी के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने 12 मई को कहा था कि हसीना सीधे तौर पर सभी राज्य बलों, उनकी पार्टी और उससे जुड़े निकायों को ऐसी कार्रवाइयां करने का आदेश देने के लिए जिम्मेदार हैं, जिससे कारण सामूहिक हत्याएं, चोटें, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा हुई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, 1,500 से अधिक लोग मारे गए, 25,000 से अधिक घायल हुए और अनगिनत अन्य लोगों को यातना और अन्य अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा।

## नौ सदस्यीय दल यूरोप के दौरे पर

### ब्रिटेन को आतंकवाद पर भारत के रुख से प्रभावी तरीके से अवगत कराएंगे: प्रसाद

भाषा ▶▶ लंदन



भाजपा के सांसद रविशंकर प्रसाद ने रविवार को कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद पर ब्रिटेन को भारत के रुख से 'प्रभावी' तरीके से अवगत कराएगा और ब्रिटेन के प्रमुख हितधारकों के साथ बातचीत करेगा। प्रसाद के नेतृत्व में नौ सदस्यीय दल यूरोपीय दौरे के तहत तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को ब्रिटेन पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने किया। प्रतिनिधिमंडल को 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयल और विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) मंत्री कैथरीन वेस्ट सहित प्रमुख हितधारकों के साथ कई बैठकों में भाग लेना है। इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में डी पुरंदेश्वरी, प्रियंका चतुर्वेदी, गुलाम अली खटाना, अमर सिंह, समिक भट्टाचार्य, एम थंबीदुरई और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एमजे अकबर तथा राजदूत पंकज सरन शामिल हैं। ये नेता सामुदायिक समूहों, थिंक टैंक, सांसदों और प्रवासी नेताओं से मुलाकात करेंगे। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपने सहयोगियों के साथ मैं फ्रांस, इटली और डेनमार्क की सफल यात्राओं के बाद ब्रिटेन के लंदन में पहुंचा हूं। प्रतिनिधिमंडल 31 मई से तीन जून तक लंदन में ही रहेगा।

### थरूर की अगुवाई में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ब्राजील पहुंचा

**ब्रासीलिया (भाषा)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मजबूत राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ रुख से वहां के नेताओं को अवगत कराएगा। कोलंबिया से यहां पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का हवाई अड्डे पर दूतावास प्रभारी संदीप कुमार कुजूर ने स्वागत किया। ब्राजील में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा कि इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा, जिनमें राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम, विदेश मामलों की महासचिव मारिया लौरा दा रोचा, ब्राजील की सीनेट में भारत-ब्राजील मैत्री मोर्चे के प्रमुख सीनेटर नेल्सन ट्रैड और ब्राजील के 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बैरोस शामिल हैं।

### सीडीएस चौहान ने समझाया युद्ध का कौशल

## भविष्य के युद्ध को चार तरीकों से आकार दिया जाएगा, केंद्र में रहेगी अत्याधुनिक तकनीकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि भविष्य के युद्ध चार प्रमुख प्रवृत्तियों द्वारा आकार लेंगे। इनमें से एक है सभी क्षेत्रों में सेंसर्स का प्रसार। दूसरा- लंबी दूरी तक मार करने वाली हाइपरसोनिक और सटीक हथियार प्रणालियां। तीसरा, स्वायत्त प्रणालियों के साथ मानव-मानव रहित टीमिंग। चौथा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और क्वांटम तकनीक द्वारा संचालित युद्धक्षेत्र की बुद्धिमत्ता। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यह जानकारी रविवार को सिंगापुर में दी। वह यहां आयोजित प्रतिष्ठित 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' में 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार समाधान' विषय पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में जनरल अनिल चौहान ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों पर प्रकाश डाला।

### भारत-पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने अपने-अपने विचार साझा किए



भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले महीने सैन्य संघर्ष के कारण बढ़े तनाव के बीच दोनों देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने सिंगापुर में 'शांगरी-ला डायलॉग' के दौरान अपने-अपने विचार साझा किए। 'शांगरी-ला डायलॉग' को एशिया के प्रमुख रक्षा मंच के रूप में जाना जाता है। 'चैनल न्यूज एशिया' ने रविवार को बताया कि शुक्रवार से रविवार तक आयोजित शीर्ष वैश्विक रक्षा मंच की बैठक में दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से जारी तनाव ने ध्यान आकृष्ट किया।

### नेपाल के पूर्व गृह मंत्री और अन्य गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और लगभग आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन यहां नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया।

### सेना के तीनों अंगों का संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

**मुंबई (भाषा)।** गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर सेना के तीनों अंगों ने यहां उच्च स्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी।

### सीबीआई ने घूस के 25 लाख लेते एडवांस लेते राजस्व अधिकारी दबोचा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** सीबीआई की गिरफ्त में इस बार 2007 बैच के वरिष्ठ राजस्व सेवा अधिकारी अमित कुमार सिंघल आ गए। उनके साथ हर्ष कोटक नाम के दलाल भी धरा गया। दोनों के खिलाफ शिकायत सीबीआई को मिल रही थी। सीबीआई ने जाल बिछाया और सीनियर आईआरएस अधिकारी अमित सिंघल को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। सीबीआई की जाल में फंसे भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमित सिंघल दिल्ली स्थित कर-सेवा निदेशालय, में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात हैं। उनके साथ ही हर्ष कोटक नाम के निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सिंघल ने निजी दलाल के माध्यम से मामले में शिकायतकर्ता से 45 लाख के रिश्वत की मांग की थी। भुगतान के रूप में 25 लाख की रिश्वत मांगने व स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## रूस के एयरबेस पर यूक्रेन ने किया ड्रोन से हमला बम बरसाने वाले 40 विमानों को कर दिया ध्वस्त

**कीव(एजेंसी)।** यूक्रेन ने रूस के दो अहम एयर बेस सहित 40 विमानों को ध्वस्त करने का दावा किया है। ओलेन्या और बेलाया पर यूक्रेनी सेना ने ड्रोन से हमला किया है। बताया जा रहा है कि जिन एयर बेस को निशाना बनाया गया है। वो रूस-यूक्रेन सीमा से काफी अंदर पड़ता है। यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला यूक्रेनी सेना का अब तक का सबसे बड़ी ड्रोन अटैक था। यूक्रेन ने खासतौर से उस बेस को निशाना बनाया है, जिसका इस्तेमाल रूस उस पर बम बरसाने के लिए कर रहा था। युक्रेन की तरफ से कहा गया है कि उसने रूस के अंदर स्थित कई एयर बेस पर ड्रोन से हमला किया है। जिसमें 40 से ज्यादा रूसी बॉम्बर्स को ध्वस्त कर दिया है।

### *रूस ने किया यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर हमला*

*रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।*

### पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड का कबूलनामा

## भारत की एयर स्ट्राइक में साथी के परखच्चे उड़े रोता रहा पर जनाजे में शामिल नहीं होने दिया



**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा कमांडर सैफुल्लाह कसूरी ने भी माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे उड़ गए थे। इसके बाद, कसूरी उसके जनाजे में भी नहीं शामिल हो सका और खूब रोया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके और पाकिस्तान स्थित लश्कर और जैश के नौ ठिकानों पर हवाई हमले करके 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया था। इसी हमले में लश्कर का आतंकी मुदस्सर भी मारा गया था। हाल ही में आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिजल हाशमी ने कुछ भड़काऊ तकरीरें दीं। कसूरी ने कबूल किया कि उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे सात मई को मुरीदके पर की गई भारतीय एयर स्ट्राइक में उड़ गए थे।

## पचास से अधिक उम्र में मांसपेशियों की चोटों को रोकने में आहार हो सकता है मददगार

# सूक्ष्म पोषक तत्वों की खुराक और प्रोटीन महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ पैम्प्लोना

पचास वर्ष से अधिक आयु के अधिक से अधिक लोग व्यायाम कर रहे हैं। चिकित्सा संघ इस बात पर पूरी तरह सहमत हैं कि यह एक अच्छी बात है। शारीरिक व्यायाम करना न केवल बीमारी की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह कई बीमारियों के इलाज के लिए भी जरूरी है।

जीवन के इस चरण में हालांकि चलना-फिरना शुरू करने के लिए कुछ सावधानी की आवश्यकता होती है। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से जरूरी है जो पहले शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं रहे हैं, या जो अधिक वजन वाले या मोटे हैं। यह सिद्ध हो चुका है कि अत्यधिक कठिन दिनचर्या के साथ व्यायाम शुरू करने से मांसपेशियों और कंकाल संबंधी चोट लग सकती है, विशेष रूप से यदि इसे अपर्याप्त आहार के साथ किया जाए। पचास वर्ष की आयु के बाद यह खतरा और भी अधिक हो जाता है, क्योंकि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया के कारण मांसपेशियों और हड्डियों की हानि अधिक होती है। किसी भी नए व्यायाम कार्यक्रम को शुरू करने से पहले, संपूर्ण विश्लेषण करना एक अच्छा विचार है, विशेष रूप से सूक्ष्म पोषक तत्वों की खुराक की आवश्यकता का आकलन करना। इसे साथ ही विभिन्न सिद्धांतों के बावजूद, एक बात स्पष्ट है: नियमित व्यायाम, प्रत्येक व्यक्ति की क्षमताओं के अनुकूल और अच्छी चिकित्सा और पोषण संबंधी निगरानी के साथ, कई बीमारियों के जोखिम को कम करता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है।

### व्यायाम से 30 मिनट पहले या बाद ही प्रोटीन खाएं



सूक्ष्म पोषक तत्वों के अलावा, शरीर को कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन की भी आवश्यकता होती है - जिन्हें सामूहिक रूप से मैक्रोन्यूट्रिएंट्स के रूप में जाना जाता है। प्रोटीन शरीर को आवश्यक अमीनो एसिड प्रदान करते हैं जो मांसपेशियों को बनाए रखने और विकसित करने के लिए आवश्यक होते हैं। पचास वर्ष से अधिक आयु के लोग जो शारीरिक रूप से मध्यम रूप से सक्रिय हैं, उन्हें प्रतिदिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम 1 से 1.5 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। प्रोटीन स्रोतों में वनस्पति मूल के खाद्य पदार्थ - सोया, बीज, मूंगफली, दालें, इत्यादि - के साथ पशु मूल के खाद्य पदार्थ जैसे अंडे, डेयरी उत्पाद, चिकन और मछली शामिल होने चाहिए। प्रोटीन का सेवन पूरे दिन में एक ही भोजन में करने से ज्यादा फायदेमंद होता है। आपको व्यायाम से 30 मिनट पहले या बाद में प्रोटीन खाना चाहिए।

### यह खास सूक्ष्म पोषक तत्व

मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन डी कुछ सूक्ष्म पोषक तत्व - जिनसे हमारा मतलब विटामिन और खनिज है - इस उम्र में शारीरिक व्यायाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें मैग्नीशियम, कैल्शियम और विटामिन डी शामिल हैं। मैग्नीशियम हड्डियों के निर्माण में सहायता करता है और इसे गेहूं के चोकर, पनीर, कद्दू के बीज और अलसी के बीज जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जा सकता है। डेयरी उत्पाद हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माने जाते हैं, क्योंकि इनमें जैविक रूप से उपलब्ध कैल्शियम और पूरे दूध में विटामिन डी की मात्रा होती है। कुछ पौधे आधारित खाद्य पदार्थ, जैसे ताहिनी (तिल का पेस्ट), बादाम, अलसी और सोया भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं, लेकिन इनमें मौजूद फाइटेट और ऑक्सालेट की मात्रा इसके अवशोषण में बाधा डाल सकती है। क्या व्यायाम का प्रकार मायने रखता है?




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25